page 1_Layout 1 11-10-2026 21:30 Page 1

डेली
आवाज भारती
बुलंद भारत की बुलंद आवाज़

» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » सोमवार , 12 अक्तूबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :169 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल



आज का भारती



भारतीय महिला हॉकी टीम ने जीता स्वर्ण

पंजाब की बेटी ने बढ़ाया देश का मान

तरनतारन की बलजीत कौर ने भारतीय महिला हॉकी टीम के साथ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। उनकी सफलता पंजाब की बेटियों के लिए प्रेरणा है। फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने चीन को 1-0 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारतीय महिला हॉकी टीम की इस ऐतिहासिक जीत से जहां पूरे देश में खुशी की लहर दौड़ गई, वहीं तरनतारन जिले का गौरव भी बढ़ गया है।

तुर्की में बस और ट्रक के बीच टक्कर, 11 लोगों की मौत, 26 अन्य घायल

डेली आवाज भारती



इस्तांबुल। तुर्की के पश्चिमी प्रांत मनीसा में बस और ट्रक के बीच हुई टक्कर में 11 लोगों की मौत हो गई जबकि 26 घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने प्रशासन के हवाले से इसकी जानकारी दी। टूर बस उत्तर-पश्चिमी शहर बुर्सा से पश्चिमी तटीय शहर इजमिर जा रही थी। डेली सबाह मीडिया हाउस ने बताया कि रविवार को पश्चिमी तुर्की के मनिसा प्रांत में एक हाईवे पर टूर बस और ट्रक की टक्कर में ये भयंकर हादसा हुआ। मनिसा गवर्नर कार्यालय के एक बयान के अनुसार, यह दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 11 बजे गेब्ज-ओरहानगाजी-इजमिर हाईवे पर अखिसार टोल बूथ के पास हुई। बयान में कहा गया है कि टूर बस पश्चिमी तुर्की में बर्सा से इजमिर की ओर जा रही थी, तभी मनिसा प्रांत के अखिसार के पास ट्रक से टकरा गई। दुर्घटना की खबर मिलने के बाद, कई एम्बुलेंस, दमकल और पुलिस टीमों को घटनास्थल पर भेजा गया। दुर्घटना पीड़ितों की मदद के लिए बचाव अभियान शुरू किया गया, जबकि घायलों को नजदीकी अस्पतालों में पहुंचाया गया। मनिसा गवर्नर कार्यालय ने पुष्टि की कि दुर्घटना में 11 लोगों की मौत हुई है और 26 अन्य घायल हुए हैं। कार्यालय ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की। गृह मंत्री मुस्तफा सिफ्टसी ने हताहतों की संख्या की पुष्टि करते हुए 'एक्स' पोस्ट में कहा कि सभी मृतकों के प्रति मैं संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के तुरंत स्वस्थ होने की कामना करता हूं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि आपातकालीन प्रतिक्रिया दलों को घटनास्थल पर भेजा गया था और अधिकारी स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, रविवार को तुर्की के पश्चिमी मनीसा प्रांत में एक टूर बस और टो ट्रक के बीच हुई सड़क दुर्घटना में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और 27 अन्य घायल हो गए। हादसे को लेकर पुलिस जांच कर रही है।

विरोध नहीं करने का कोई बॉन्ड नहीं भरा, फिर सड़कों पर उतरेंगे : अभिजीत दिपके

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। दिल्ली की अदालत से रिहाई के कुछ घंटों बाद कॉक्रोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दिपके ने रविवार को कहा कि उन्होंने ऐसा कोई बॉन्ड नहीं भरा है, जिसमें विरोध-प्रदर्शन नहीं करने की बात कही गई हो। उन्होंने कहा कि वे एक बार फिर सड़कों पर उतरेंगे। दिपके ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा, हमने ऐसा कोई बॉन्ड नहीं भरा है, जिसमें कहा गया हो कि हम विरोध-प्रदर्शन नहीं करेंगे। हम फिर से सड़कों पर उतरेंगे। इससे पहले दिपके ने बताया था कि वह अपनी दादी के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए महाराष्ट्र स्थित अपने पैतृक गांव जा रहे हैं। उनकी दादी का शनिवार को निधन हो गया था। उन्होंने एक्स पर लिखा, इस दुख की घड़ी में अपने परिवार के साथ रहने के लिए अपने गांव जा रहा हूं।

दिपके ने दावा किया कि 10 अक्टूबर को हुई घटनाओं को तानाशाही के अंत की शुरुआत के रूप में याद किया जाएगा। इससे पहले दिल्ली पुलिस ने दिपके की मां के उन दावों को खारिज किया था, जिनमें कहा गया था कि हिरासत के दौरान उन्हें उनकी दादी के निधन की जानकारी नहीं दी गई थी।

दिल्ली पुलिस ने एक्स पर पोस्ट में कहा था कि अभिजीत की दादी के निधन की जानकारी उन्हें संवेदनशीलता के साथ समय पर दे दी गई थी। उन्हें अंतिम संस्कार के निर्धारित समय के बारे में भी बताया गया था और मानवीय आधार पर उनके पैतृक गांव जाने के लिए हरसंभव सहायता की पेशकश की गई थी। हालांकि, पुलिस के अनुसार, उन्होंने इस सहायता का लाभ लेने से इनकार कर दिया था। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, रविवार को नई दिल्ली स्थित विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट (एसईएम) की अदालत ने सीजेपी नेताओं को शांति बनाए रखने और सद्व्यवहार की शर्त पर रिहा किया। सीजेपी की कानूनी मामलों की प्रमुख रत्ना सिंह ने भी इससे पहले नेताओं की रिहाई की पुष्टि की थी। दिल्ली पुलिस ने एक्स पर बताया कि अभिजीत दिपके, आशुतोष रांका और सौरव दास को 10 अक्टूबर 2026 को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 126/170 के तहत एहतियातन गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के अनुसार, सभी आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करने के बाद उन्हें 11 अक्टूबर को दिल्ली कैंट स्थित एसईएम अदालत में पेश किया गया। पुलिस ने बताया कि शांति बनाए रखने और अच्छे व्यवहार के लिए एक वर्ष की अवधि हेतु 50,000 रुपये का जमानतदार बॉन्ड भरा गया, जिसके बाद तीनों को रिहा कर दिया गया। गौरतलब है कि तीनों सीजेपी नेताओं को शनिवार को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उस समय हिरासत में लिया गया था, जब वे भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करने के लिए दिल्ली पहुंचे थे।

भोपाल में सीजीएसटी अधीक्षक 2 लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार, घर से 72.50 लाख नकद बरामद


डेली आवाज भारती



भोपाल। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने रिश्वतखोरी के एक मामले में केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) और केंद्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्तालय, भोपाल के प्रिवेंटिव ब्रांच (मुख्यालय) में तैनात एक अधीक्षक को 2 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजेश कुमार के रूप में हुई है। सीबीआई द्वारा जारी बयान के अनुसार, आरोपी सीजीएसटी अधीक्षक के खिलाफ 10 अक्टूबर को मामला दर्ज किया गया था। आरोप है कि उसने भोपाल स्थित एक फर्म के मालिक से हर महीने 2 लाख रुपए की अवैध राशि की मांग की थी। इसके बदले वह स्क्रैप सामग्री ले जाने वाले वाहनों को नहीं रोकने और शिकायतकर्ता के स्क्रैप कारोबार में किसी तरह की बाधा नहीं डालने का आश्वासन दे रहा था। शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने जाल बिछाया और आरोपी अधिकारी को 2 लाख रुपए की रिश्वत स्वीकार करते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद सीबीआई ने आरोपी के भोपाल और कानपुर स्थित आवासों पर तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान 72.50 लाख रुपए नकद बरामद किए गए। इसके अलावा अचल संपत्ति से जुड़े दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। सीबीआई ने बताया कि मामले की जांच जारी है और बरामद दस्तावेजों तथा अन्य साक्ष्यों की जांच की जा रही है। इससे पहले 8 अक्टूबर को सीबीआई ने देशभर में सक्रिय एक बड़े बैंक भर्ती परीक्षा फर्जीवाड़ा गिरोह का पर्दाफाश करते हुए सीजीएसटी के एक इंस्पेक्टर सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया था। यह गिरोह दिल्ली, बिहार, हरियाणा और पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों में पहचान छिपाकर परीक्षा और इंटरव्यू में शामिल होने का नेटवर्क चला रहा था। सीबीआई के अनुसार, यह कार्रवाई इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सोनल सिलेक्शन की शिकायत पर दर्ज एफआईआर के बाद की गई। मामले की जांच कर रही सीबीआई की स्पेशल टास्क ब्रांच, मुंबई ने विभिन्न राज्यों में एक साथ छापेमारी कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया।

यूएई के रस अल खैमाह तट के पास संकटग्रस्त जहाज से 22 भारतीयों का रेस्क्यू

डेली आवाज भारती



दुबई। दुबई स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने रविवार को बताया कि रस अल खैमाह तट के पास कच्चे तेल के टैंकर एमटी जेम नंबर 2 से एक दुर्घटना के बाद कुल 22 भारतीय चालक दल के सदस्यों को बचाया गया। वाणिज्य दूतावास ने कहा कि हमें रस अल खैमाह तट के पास जहाज एमटी जेम नंबर 2 से जुड़ी एक घटना की जानकारी मिली है, जिसमें 22 भारतीय चालक दल के सदस्य सवार थे। सभी चालक दल के सदस्यों को बचा लिया गया है और वे सुरक्षित हैं। वाणिज्य दूतावास संयुक्त अरब अमीरात के अधिकारियों के संपर्क में है और भारतीय नाविकों को हर संभव सहायता और समर्थन प्रदान कर रहा है। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) ने रविवार को एक टैंकर से संबंधित दो रिपोर्ट जारी कीं। उसे ओमान की खाड़ी में एक टैंकर और सैन्य बलों से जुड़ी घटना की रिपोर्ट मिली थी। उसे होर्मुज जलडमरूमध्य के भीतर एक घटना की रिपोर्ट भी मिली है। यूके एमटीओ ने बताया कि बाहर जा रहे एक टैंकर के मास्टर ने सूचना दी है कि अज्ञात मिसाइल से उसके जहाज के बाई ओर टक्कर हुई, जिससे जहाज पर आग लग गई। चालक दल के सभी सदस्य सुरक्षित हैं। रिपोर्ट के समय क्षति का आकलन और पर्यावरणीय प्रभाव अज्ञात हैं। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) की नौसेना ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से 'अवैध' मार्ग से निकलने की कोशिश कर रहे एक 'नियमों का उल्लंघन करने वाले' सुपरटैंकर में नौसैनिक खदानों से टकराने के बाद भीषण विस्फोट हो गया। आईआरजीसी के आधिकारिक समाचार आउटलेट, सेपाह न्यूज पर प्रकाशित एक बयान में, नौसेना ने शनिवार को कहा कि कच्चे तेल से लदे इस जहाज के नेविगेशन और जीपीएस सिस्टम बंद कर दिए गए थे और विस्फोट के बाद इसमें आग लग गई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, नौसेना ने कहा कि इस मार्ग को उच्च जोखिम वाला घोषित किया गया है और चेतावनी दी है कि ईरान के नियमों की अवहेलना करने वाले किसी भी तेल टैंकर का यही हश्र होगा। इससे पहले शुक्रवार को आईआरजीसी नौसेना ने कहा कि उसके बलों ने एनवी सनशाइन नामक एक विशाल' द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस वाहक को निशाना बनाया, जब वह जलमार्ग के दक्षिण में एक 'अवैध' मार्ग से जलडमरूमध्य को पार करने की कोशिश कर रहा था।

परगट सिंह ने संभाली पंजाब कांग्रेस की कमान

2027 विधानसभा चुनाव से पहले संगठन को मजबूत करने की चुनौती

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। पंजाब कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन के बाद पूर्व भारतीय हॉकी कप्तान और जालंधर कैंट से विधायक परगट सिंह ने रविवार को चंडीगढ़ स्थित पंजाब कांग्रेस भवन में प्रदेश अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया। इस अवसर पर पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। यह बदलाव 2027 में होने वाले पंजाब विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी की संगठनात्मक तैयारियों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पदभार ग्रहण समारोह में पंजाब कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा और सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा सहित कई नेता शामिल हुए। बारिश के बावजूद पार्टी कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में भाग लिया और नए प्रदेश अध्यक्ष के समर्थन में नारे लगाए।

पदभार संभालने के बाद परगट सिंह ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालना उनके लिए केवल एक पद प्राप्त करना नहीं, बल्कि पंजाब के प्रति जिम्मेदारी बढ़ने जैसा है। उन्होंने सकारात्मक राजनीति और राज्य के वास्तविक मुद्दों को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोगों की समस्याओं और उनकी अपेक्षाओं पर ध्यान देना जरूरी है। समारोह में कांग्रेस नेताओं ने पार्टी संगठन को मजबूत करने और आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी के लिए मिलकर काम करने पर जोर दिया। पार्टी नेताओं ने किसानों, मजदूरों, व्यापारियों और आम लोगों से जुड़े मुद्दों को राजनीतिक चर्चा के केंद्र में रखने की बात भी कही। परगट सिंह की नियुक्ति ऐसे समय हुई है, जब पंजाब कांग्रेस में वरिष्ठ नेताओं के बीच नेतृत्व और संगठनात्मक भूमिका को लेकर मतभेद सामने आते रहे हैं। उन्होंने अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग की जगह प्रदेश अध्यक्ष का पद संभाला है। वड़िंग अप्रैल 2022 से इस पद पर थे। पार्टी के सामने अब विभिन्न नेताओं और गुटों के बीच समन्वय स्थापित करने, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर संगठन को सक्रिय करने और कार्यकर्ताओं को चुनावी तैयारियों से जोड़ने की चुनौती है।

कौन हैं परगट सिंह?

परगट सिंह पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी और भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान हैं। वह जालंधर कैंट विधानसभा क्षेत्र से तीन बार विधायक चुने जा चुके हैं। उन्होंने 2012 में पहली बार विधानसभा चुनाव जीता और 2017 तथा 2022 में भी अपनी सीट बरकरार रखी। वह चरणजीत सिंह चन्नी के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। खेल के मैदान से राजनीति तक का सफर तय करने वाले परगट सिंह के सामने अब पंजाब कांग्रेस को एकजुट रखने और 2027 विधानसभा चुनावों के लिए संगठन को तैयार करने की जिम्मेदारी है।

राहुल गांधी का ऐलान

आज सुप्रीम कोर्ट तक मार्च करेगा विपक्ष

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को ऐलान किया कि विपक्षी दल, युवा, सिविल सोसाइटी और लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले लोग सोमवार, 12 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट तक मार्च करेंगे। उन्होंने कहा कि इस मार्च के जरिए मुख्य न्यायाधीश को ज्ञापन सौंपकर कथित वोट चोरी रोकने, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर रोक लगाने और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की जाएगी। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर आरोप लगाया कि रविवार को दिल्ली में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने के लिए सड़कों पर उतरे युवाओं के साथ पुलिस और भाजपा के लोगों ने मारपीट की। उन्होंने दावा किया कि प्रदर्शन कर रहे युवाओं के दिलों में नफरत या गुस्सा नहीं, बल्कि मोहब्बत थी। राहुल गांधी ने कहा, ऐसा भारत हम नहीं चाहते। उन्होंने सोमवार को होने वाले मार्च में सभी लोगों से शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि भारतीय होने के नाते सभी को पार्टी, महिला-पुरुष, जाति, समुदाय और राज्य की दीवारों से ऊपर उठकर एक साथ चलना चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा कि देश के युवा, तमाम विपक्षी दल, सिविल सोसाइटी और लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले सभी लोग इस मार्च में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि संविधान के साथ खड़े सभी लोग इस पहल का हिस्सा बनेंगे। राहुल गांधी ने अपनी पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत का नाम लेते हुए आरोप लगाया कि ये लोग भारत की आवाज को दबा नहीं सकते। उन्होंने कहा कि विपक्ष डरने वाला नहीं है और सरकार को पीछे हटना होगा। उन्होंने लिखा कि सभी लोग मोहब्बत, भाईचारे और देशभक्ति की भावना के साथ एक साथ मार्च करेंगे।

बंगला साहिब विवाद: केजरीवाल समेत 'आप' नेताओं के खिलाफ पुलिस में शिकायत

गुरुद्वारा परिसर में राजनीतिक नारेबाजी और भ्रामक वीडियो प्रसारित करने का आरोप; DSGMC ने कार्रवाई की मांग की

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। गुरुद्वारा श्री बंगला साहिब में कथित राजनीतिक गतिविधियों को लेकर विवाद गहरा गया है। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति (डीएसजीएम) ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, पार्टी विधायकों, कार्यकर्ताओं और अन्य लोगों के खिलाफ दिल्ली पुलिस में शिकायत देकर जांच और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। समिति की 11 अक्टूबर को दी गई शिकायत के अनुसार, 10 अक्टूबर को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल होने के लिए जा रहे कुछ प्रदर्शनकारी गुरुद्वारा परिसर में पहुंचे। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि वहां राजनीतिक नारेबाजी और प्रदर्शन के कारण धार्मिक स्थल की मर्यादा प्रभावित हुई तथा सिख संगत की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची। DSGMC ने पुलिस को वीडियो सौंपकर संबंधित लोगों की पहचान करने और यह पता लगाने की मांग की है कि प्रदर्शनकारियों को गुरुद्वारा परिसर में किसने बुलाया और संगठित किया। समिति ने सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो की भी जांच करने की मांग की है। पुलिस के पक्ष पर भी नजर- घटना को लेकर सोशल मीडिया पर पुलिस की गुरुद्वारे में मौजूदगी और जूते पहनकर प्रवेश करने के आरोपों पर भी विवाद हुआ। दिल्ली पुलिस ने स्पष्ट किया कि संबंधित कर्मी श्रद्धालुओं के आवागमन वाले रास्ते से गए थे और मुख्य दरबार हॉल में प्रवेश नहीं किया था। फिलहाल, DSGMC की शिकायत में लगाए गए आरोपों पर पुलिस की जांच और आगे की कार्रवाई का इंतजार है।

पंजाब की 50 वार्डों में फिर होंगे चुनाव

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़/नई दिल्ली। पंजाब में स्थानीय निकाय चुनावों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए 50 वार्डों के चुनाव रद्द कर दोबारा चुनाव कराने का आदेश दिया है। इन वार्डों में पटियाला नगर निगम की 28 और मोगा जिले की धर्मकोट तथा बाघापुराना नगर परिषदों की 22 वार्ड शामिल हैं। अदालत ने पूरी चुनाव प्रक्रिया छह सप्ताह के भीतर पूरी करने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला दिसंबर 2024 में हुए स्थानीय निकाय चुनावों से जुड़ी शिकायतों पर गठित तथ्य-जांच आयोग की रिपोर्ट के बाद आया। आयोग ने अपनी जांच में पाया कि कई स्थानों पर उम्मीदवारों को नामांकन दाखिल करने से कथित तौर पर रोका गया, नामांकन पत्र छीने या फाड़े गए तथा कुछ उम्मीदवारों को धमकाने और हिरासत में लेने जैसी घटनाएं सामने आईं। अदालत ने दोबारा चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से कराने के लिए पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में निगरानी समिति गठित करने को कहा है। नामांकन से लेकर मतदान तक की प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। इस फैसले के बाद पंजाब की स्थानीय राजनीति में चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता को लेकर बहस तेज हो गई है। हालांकि, दोबारा चुनाव की तारीखों की घोषणा निगरानी समिति के गठन के बाद की जानी है।

सऊदी-पाकिस्तान रक्षा समझौते से भड़का ईरान; बोला- यमन में हस्तक्षेप बंद करो, वर्ना भुगतने पड़ेंगे गंभीर परिणाम

तहरन: सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्किये के बीच रक्षा समझौते को लेकर पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ता दिखाई दे रहा है। ईरान ने इस त्रिपक्षीय समझौते की आलोचना करते हुए चेतावनी दी है कि यमन में हस्तक्षेप के क्षेत्रीय सुरक्षा पर अवांछित परिणाम हो सकते हैं। तेहरान ने खास तौर पर पाकिस्तान की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, सऊदी अरब की आधारभूत संरचनाओं पर हूती मिसाइल और ड्रोन हमलों में तेजी के बाद यह समझौता पांच अक्टूबर को परिचालन चरण में पहुंचा। पाकिस्तान और तुर्किये ने सऊदी अरब की सहायता के लिए कदम उठाना शुरू करने की बात कही है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई से जब उन खबरों के बारे में पूछा गया कि हजारों पाकिस्तानी सैनिकों को सऊदी अरब में तैनात किया जा सकता है।

CMYK

page 2_Layout 1 11-10-2026 18:02 Page 1

पीओके में पाकिस्तानी सेना की बर्बरता को बीते महीनों, इंसाफ के लिए भटक रहे परिवार: रिपोर्ट

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। पीओके (पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर) में शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पाकिस्तानी सुरक्षा बलों की हिंसक कार्रवाई महीनों से जारी है। इसे लेकर कई सवाल भी हैं। ये सवाल मानवाधिकार उल्लंघन, गलत तरीके से हिरासत में रखने और न्यायेतर हत्याओं से जुड़े हैं। एक रिपोर्ट में उन परिवारों की पीड़ा को जाहिर किया गया है। पीओके में लोगों ने बिजली की बढ़ती कीमतों और जीवन-यापन की बढ़ती लागत को लेकर विरोध शुरू किया था, लेकिन धीरे-धीरे यह उस इलाके के संवैधानिक और राजनीतिक ढांचे के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई। जमीनी कार्यकर्ताओं के संगठन, 'जॉइंट अवामी एक्शन कमिटी' (जेएएसी) ने 27 जुलाई से 10 अगस्त के बीच चरणोंबद्ध चुनाव के बहिष्कार का आह्वान किया था। उनका तर्क था कि मौजूदा व्यवस्था स्थानीय निवासियों के हितों और आकांक्षाओं का ठीक से प्रतिनिधित्व करने में विफल रही है। 'द इंडिपेंडेंट' की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, इस कदम के बाद समूह पर प्रतिबंध लगा दिया गया और पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हिंसक कार्रवाई की। इसके बाद, पाकिस्तानी सरकार ने कड़े आतंकवाद-रोधी कानूनों के तहत जेएएसी पर प्रतिबंध लगा दिया, उसके कई नेताओं को गिरफ्तार किया और आंदोलन को दबाने के लिए एक सुरक्षा अभियान शुरू किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस अभियान के दौरान मानवाधिकारों के उल्लंघन, मनमाने ढंग से हिरासत में लेने और बिना कानूनी प्रक्रिया के हत्या (एक्स्ट्रा-ज्यूडिशियल किलिंग) के आरोप भी लगे।

रिपोर्ट में 26 वर्षीय फहद बरकत के मामले का भी जिक्र किया गया है। उनकी बहन दो महीने से ज्यादा समय तक यह मानती रहीं कि उन्हें पुलिस ने हिरासत में लिया है और उम्मीद करती रहीं कि उन्हें आखिरकार रिहा कर दिया जाएगा। बरकत रावलकोट के एक सैन्य अस्पताल में रक्तदान करने गए थे, लेकिन कभी घर नहीं लौटे। उन्होंने अपनी बहन को आखिरी संदेश 7 जून को रात 11:31 बजे भेजा था, और परिवार को बहुत बाद में पता चला कि उनके साथ क्या हुआ था। बरकत की



बहन के अनुसार, रात 1 बजे से कुछ समय पहले अस्पताल के गेट में घुसते समय उनकी गर्दन में गोली मारी गई थी। इस घटनाक्रम को यूके में रजिस्टर्ड संगठन 'जम्मू कश्मीर ह्यूमन राइट्स ऑब्जर्वेटरी' (जेकेएचआरओ) ने 'द इंडिपेंडेंट' के साथ साझा की गई 47 पन्नों की रिपोर्ट में दर्ज किया है, जिसमें घटना के बारे में परिवार का बयान शामिल है। तब से जेकेएचआरओ ने अधिकारियों से पीओके में नागरिकों के लापता होने, हिरासत में लिए जाने और मौत से जुड़े हालात के बारे में जवाब देने की मांग की है। अपनी विस्तृत रिपोर्ट में, संगठन ने मांग की कि अधिकारी ÷लिखित जवाब, हताहतों और हिरासत के रिकॉर्ड, और ऑपरेशनल ऑर्डर÷ उपलब्ध कराएं ताकि कथित उल्लंघनों के पीछे के तथ्यों का पता लगाया जा सके। %द इंडिपेंडेंट% के अनुसार, बरकत के परिवार ने जेकेएचआरओ को बताया कि उन्होंने फोन कॉल और मैसेज के जरिए उससे संपर्क करने की कई बार कोशिश की, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला, जिससे उन्हें उसके ठिकाने के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई। वहीं, पाकिस्तानी अखबार 'डॉन' ने जून में एक खबर छापी जिसमें रावलकोट झड़प का जिक्र था। इसमें मारे गए नागरिकों की लिस्ट में बरकत का नाम भी था। इसके अलावा, यह आरोप भी सामने आए कि अधिकारियों ने बरकत का शव तब तक नहीं सौंपा, जब तक कि उसका परिवार उसे आतंकवादी बताने वाले बयान पर हस्ताक्षर करने के लिए सहमत नहीं हो गया। जेकेएचआरओ ने एक अलग रिपोर्ट में दावा किया, ÷अधिकारी शव तब तक रोके हुए थे जब तक परिवार ने एक बयान पर हस्ताक्षर नहीं किए जिसमें उसे मुठभेड़ में मारा गया आतंकवादी बताया गया था। मानवाधिकार संगठन ने बरकत की मौत से जुड़ी घटनाओं के क्रम और उसके दफन किए जाने के हालात पर भी सवाल उठाए हैं। संगठन ने अधिकारियों से ज्यादा पारदर्शिता की मांग की है, जिसमें सीसीटीवी फुटेज, अस्पताल के ब्लड डोनर रिकॉर्ड, पोस्टमार्टम के दस्तावेज और दफन करने के रिकॉर्ड जारी करना शामिल है, ताकि यह पता चल सके कि क्या हुआ था और जिम्मेदारी तय की जा सके।

जेकेएचआरओ ने यह भी कहा है कि उसने अधिकारियों को अपनी रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों का जवाब देने के लिए आमंत्रित किया है, ताकि उन्हें इस मामले से जुड़े सवालों पर अपनी बात रखने का मौका मिल सके। बरकत का मामला कोई अकेला मामला नहीं है, क्योंकि पीओके में कई अन्य परिवार भी अपने लापता रिश्तेदारों की तलाश कर रहे हैं या उनकी मौत के हालात के बारे में स्पष्ट जानकारी चाहते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, जहां जेएएसी ने सार्वजनिक रूप से 5 जून के बाद से 100 से ज्यादा लोगों के मौतों की जानकारी दी है, वहीं स्थानीय निवासियों का कहना है कि मरने वालों की असल संख्या इससे कहीं ज्यादा है। रिपोर्ट में शौकत नवाज मीर का मामला भी उजागर किया गया है, जिनका परिवार 30 जून को धीरकोट से उनकी गिरफ्तारी के तीन महीने से अधिक समय बाद भी उनके ठिकाने के बारे में जानकारी का इंतजार कर रहा है। इतना समय बीत जाने के बावजूद, उनके रिश्तेदारों को उनकी स्थिति के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिली है।

रिपोर्ट में एक और मामला जाबिर मुमताज का बताया गया है, जिन्हें कथित तौर पर 5 सितंबर को सुरक्षाकर्मियों ने मार डाला था, जबकि वे दो हफ्ते से हिरासत में थे। उनके परिवार ने भी दावा किया कि अधिकारियों ने उनका शव सौंपने के लिए यह शर्त रखी कि परिवार उन्हें आतंकवादी बताने वाले बयान पर हस्ताक्षर करे। रिपोर्ट के मुताबिक, परिवार ने बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया, जिसके बाद अधिकारियों ने कथित तौर पर खुद ही दफनाने की प्रक्रिया पूरी की। इन मामलों ने पीओके में कार्रवाई के दौरान आम नागरिकों के साथ किए गए बर्ताव को लेकर पारदर्शिता, भरोसेमंद जांच और जवाबदेही की मांग को और तेज कर दिया है।

महाराजा अग्रसेन जी संपूर्ण भारतीय समाज की एक महान विभूति थे : नायब सिंह सैनी

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पटियाला जिला के पातड़ां (पंजाब) के प्राचीन शिव मंदिर परिसर में महाराजा अग्रसेन जी की 5150वीं जयंती के पावन अवसर पर युवा अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित भव्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने अहिंसा, समाजवाद और करुणा के प्रतीक महाराजा अग्रसेन जी के चरणों में शत-शत नमन करते हुए सभी देशवासियों को जयंती और नवरात्रों की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी केवल अग्रवाल समाज ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारतीय समाज की एक महान विभूति थे, जिन्होंने अपने राज्य में %एक ईंट और एक सोने की मोहर% जैसी अनूठी और दूरदर्शी परंपरा की शुरुआत की थी ताकि हर नया परिवार आत्मनिर्भर बन सके। उन्होंने पशु बलि पर पूर्ण प्रतिबंध लगाकर मानव इतिहास में अहिंसा का सामाजिक नियम स्थापित किया।



सैनी ने कहा कि अग्रवाल समाज का इतिहास हमेशा से राष्ट्र निर्माण, दानशीलता और मानवता की सेवा में स्वर्णिम रहा है। उन्होंने भामाशाह से लेकर देश और दुनिया में समाज का नाम रोशन करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों, संतों, साहित्यकारों और उद्योगपतियों का विशेष रूप से स्मरण किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूल मंत्र को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि जी.एस.टी., डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसी योजनाओं ने व्यापार जगत को नई ऊंचाइयां दी हैं। पंजाब की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि पंजाब का व्यापारी और युवा वर्ग आज सुरक्षित माहौल, पारदर्शी व्यवस्था और बदलाव की उम्मीद कर रहा है।

अपने संबोधन में हरियाणा के औद्योगिक और आर्थिक विकास का खाका रखते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि राज्य सरकार 'विकसित हरियाणा 2047' के विजन के तहत 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था और 50 लाख नए रोजगार सृजित करने के लक्ष्य पर काम कर रही है। हरियाणा आज देश में स्टार्टअप संस्कृति के मामले में चौथे स्थान पर है, जहां 12 हजार से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप, 19 यूनिकॉर्न और 250 से ज्यादा फॉर्च्यून-500 कंपनियां मौजूद हैं। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत सरकार ने उद्योगों और एमएसएमई सेक्टर को मजबूत करने के लिए प्लग-एंड-प्ले नीति, पद्मा कार्यक्रम और 1100 से अधिक गैर-जरूरी नियमों को समाप्त करने जैसे कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं।

उन्होंने विश्वास जताया कि डबल इंजन सरकार की तर्ज पर यदि पंजाब में भी विकासोन्मुख व्यवस्था बनेगी, तो यहां के उद्यमियों को भी बेहतरीन सुविधाएं मिलेंगी। अंत में उन्होंने सभी से महाराजा अग्रसेन जी के बताए मार्ग पर चलते हुए एक समृद्ध और सुरक्षित पंजाब के निर्माण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

पुलिस ने चार ग्राम हैरोईन के साथ एक को गिरफ्तार किया

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय की पुलिस ने नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर बस्ती डेरीयां वाली में छापेमारी करके वहां से हेरोइन सहित 1 व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्ति के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहरसहाय के एएसआई ईशर सिंह ने बताया कि उन्हें बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान सूचना मिली थी की कुलदीप सिंह पुत्र सतनाम सिंह वासी गांव जीवां आई हेरोइन बेचने का आदि है और आज भी बंद पड़े गौदाम बस्ती डेरियां वाली में खड़ा हेरोइन लेकर बेचने के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। जिस पर पुलिस ने छापेमारी करके कुलदीप सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 4 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामलें की जांच कर रहे ईशर सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में दोषी कुलदीप पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

विदेशी ताकतों के इशारों पर देश की शांति भंग कर रहे हैं विरोधी

लोगों ने इन्हें हर जगह रिजेक्ट किया : अनिल विज

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने उत्तर प्रदेश कैबिनेट द्वारा नोएडा एयरपोर्ट का नाम नरेंद्र मोदी एयरपोर्ट करने के प्रस्ताव को मंजूरी के बाद सपा नेता अखिलेश यादव के विरोध जताने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जिस प्रधानमंत्री ने इस देश को इतना मान-सम्मान दिया है, सारे विश्व में आज भारत का नाम है। विज ने कहा कि पहले भारत को दब्बू देश माना जाता था, लेकिन अब अगर कोई देश कोई दुस्साहस करता है तो उसके घर में घुसकर उसे मारा जाता है। आज हर क्षेत्र में तरक्की हुई है और हम हर क्षेत्र में आगे बे रहे हैं। भारत को 2047 तक विकसित करने का किसी प्रधानमंत्री ने संकल्प लिया है तो क्या उनके नाम से कोई एयरपोर्ट का नाम भी नहीं रखा जा सकता, जरूर रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि जगह-जगह नरेंद्र मोदी के नाम रखने



चाहिए ताकि उनके व्यक्तित्व से आम लोग भी प्रेरणा लें। विदेशी ताकतों के इशारों पर देश की शांति भंग कर रहे हैं विरोधी, लोगों ने इन्हें हर जगह रिजेक्ट किया- विज। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने दिल्ली में कॉकरोज जनता पार्टी के प्रदर्शन व विपक्ष द्वारा भी इसमें शामिल होने के प्रश्न पर के । पलटवार करते हुए कहा कि ये विदेशी ताकतों के हाथों में खेल रहे हैं, देश की शांति को भंग करना चाहते हैं। कानून को ये मानते नहीं, संविधान को नहीं मानते और नॉन इश्यू को इश्यू बनाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने नियम तय कर रखें है कि अगर आपने जंतर-मंतर पर कोई प्रदर्शन करना हो तो यह उसको भी नहीं मानते। विरोध जताने का सभी को अधिकार है, मगर नियमों का पालन करना जरूरी है। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि लोगों ने इनको हर जगह पर रिजेक्ट कर दिया है। इसी शोर-शराबे के बीच अभी उपचुनाव हुए है कहीं से भी कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीती है। लोग जानते है कि ये तमाशा कर रहे हैं।

कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत ने वार्ड नंबर 61 में 1.09 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का नींव पत्थर रखा

- कहा, परियोजना से क्षेत्र में सड़कीय सुविधाओं को बड़ा बढ़ावा मिलेगा

डेली आवाज भारती

जालंधर/बलजीत सिंह: पंजाब के बागवानी, स्वतंत्रता सेनानी और रक्षा सेवाएं कल्याण मंत्री मोहिंदर भगत ने शुक्रवार शाम जालंधर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 61 में 1.09 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इस परियोजना के तहत शहीद बाबू लाभ सिंह नगर और गुरु नानक नगर क्षेत्र में सड़कों के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस परियोजना में 45 लाख रुपये की लागत से गली नंबर 5, 6, 7 और 10 सहित पांच गलियों का निर्माण



किया जाएगा। इसके अलावा स्थानीय निवासियों की प्रमुख मांग को पूरा करते हुए काला संघियां ड्रेन को गुरु नानक नगर के निकट गुरुद्वारा बाबा जवाना जी से जोड़ने वाली मुख्य सड़क के लिए 64 लाख रुपये की राशि आवंटित की गई है। लोगों को संबोधित करते हुए श्री भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने राज्य के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की 'रंगला पंजाब' की सोच के तहत पूरे पंजाब में हर दिन नए विकास कार्य शुरू किए जा रहे है और इन सड़कों के निर्माण से स्थानीय निवासियों की एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक जरूरत पूरी होगी। इस प्रोग्राम में वार्ड प्रभारी आशा रानी समराए, जगदीश राम समराए और पूर्व काउंसलर गुरपाल सिंह टक्कर सहित इलाके के निवासी मौजूद थे।

भूना में बाईपास निर्माण और फतेहाबाद की बंद रेल सेवाएं बहाल की जाएं : कुमारी सैलजा

डेली आवाज भारती

सिरसा। सिरसा की सांसद, पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव एवं कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की सदस्य कुमारी सैलजा ने अपने संसदीय क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने 4 अक्टूबर को लिखे पत्रों में भूना शहर में बाईपास निर्माण और फतेहाबाद जिले के पिरथला, ललोदा सहित आसपास के गांवों की बंद रेल सेवाएं बहाल करने का मुद्दा उठाया। कुमारी सैलजा ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि भूना महत्वपूर्ण व्यापारिक एवं आवागमन केंद्र है, जो एसएच-2 और एनएच-52 सहित प्रमुख मार्गों से जुड़ा है। भारी एवं वाणिज्यिक वाहनों के शहर के बीच से गुजरने के कारण मुख्य बाजार में यातायात जाम,



दुर्घटनाओं और प्रदूषण की समस्या बढ़ रही है। इससे व्यापारियों और आम नागरिकों को परेशानी होती है। सांसद ने बाईपास निर्माण को प्राथमिकता देते हुए संबंधित विभाग से व्यवहार्यता परीक्षण, आवश्यक सर्वेक्षण और प्रारंभिक कार्रवाई शीघ्र शुरू करवाने की मांग की। केंद्रीय रेल मंत्री को लिखे पत्र में कुमारी सैलजा ने पिरथला, ललोदा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की रेल सुविधाओं का मुद्दा उठाया। सांसद ने बताया कि इस संबंध में 31 जुलाई 2024 को भी पत्र लिखा गया था। सांसद ने ट्रेन संख्या 54635, 54636, 54603 और 54604 जैसी बंद यात्री सेवाएं पुनः शुरू करने, एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 14653 और 14654 के पूर्व निर्धारित ठहराव बहाल करने तथा जमालपुर शेखां स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों और पिरथला व ललोदा स्टेशनों पर आवश्यक यात्री ट्रेनों के ठहराव की मांग की। साथ ही प्लेटफॉर्म पर शेड लगाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इन सुविधाओं से विद्यार्थियों, किसानों, व्यापारियों, महिलाओं, बुजुर्गों और दैनिक यात्रियों को राहत मिलेगी तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

लोकतांत्रिक संस्थाओं के साथ क्या अब प्रेस की आजादी भी समाप्त की जा रही है : कुमारी सैलजा

सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा में पत्रकारों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। सांसद ने आरोप लगाया कि प्रदेश में नशे का कारोबार रोकने में सरकार प्रभावी कदम नहीं उठा पा रही, जबकि इसकी सच्चाई सामने लाने वाले पत्रकारों पर कार्रवाई की जा रही है। कुमारी सैलजा ने सवाल किया कि क्या देश में लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने के साथ-साथ अब प्रेस की आजादी भी समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है? सांसद ने कहा कि लोकतंत्र में पत्रकारिता की स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति का अधिकार और संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। सरकार की आलोचना करना या जनहित के सवाल उठाना अपराध नहीं माना जाना चाहिए। सांसद ने कहा कि कांग्रेस लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान और स्वतंत्र पत्रकारिता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार पत्रकारों के खिलाफ कार्रवाई का कानूनी आधार सार्वजनिक करे तथा यदि हिरासत का वैध आधार नहीं है तो उन्हें तत्काल रिहा किया जाए।

जमीनी विवाद को लेकर व्यक्ति को मारपीट करके किया जख्मी

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर):थाना मक्खू की पुलिस ने बीते दिन जमीनी विवाद को लेकर व्यक्ति को तेजधार हथियारों से हमला करके जख्मी करने वाले तीन लोगों के खिलाफ मारपीट करने की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना मक्खू के एएसआई राम सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता गुरविन्द्र सिंह पुत्र सुच्चा सिंह वासी वारस आला अराईयां ने बताया कि उसकी जमीन रुकेन वाला दरिया के पास है और उसकी जमीन में दोषियों ने बीते दिन जसवंत सिंह उर्फ जस्सा पुत्र दरबारा वासी गांव भूती आला ने उसकी जमीन में बिना पूछे यंतर की फसल लगा दी थी और जब उसने दोषियों से फसल के बारे में पूछा तो दोषी जसवंत सिंह ने दो अज्ञात लोगों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीर की और उसे जख्मी कर दिया था। जिसके बाद दोषी वहां से फरार हो गए। मामलें की जांच कर रहे राम सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में दोषियों पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

राहुल गांधी भारत को अराजकता और विभाजन की आग में झोंक रहे हैं: सुधांशु त्रिवेदी

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने रविवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति ईर्ष्या और कुंठा के कारण सरकार पर निराधार आरोप लगा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि देश में अराजकता और विभाजन का माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है, जबकि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक स्तर पर प्रभावशाली स्थिति में उभर रहा है। नई दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सुधांशु त्रिवेदी ने राहुल गांधी के उस आरोप को गलत बताया, जिसमें नीट के जरिए तमिल भाषा पर हमला किए जाने की बात कही गई थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में तमिल भाषा, संस्कृति और परंपराओं को राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाने के प्रयास किए गए हैं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि तमिल संस्कृति के प्रतीक सेंगोल को नए संसद भवन में स्थापित किया गया। उनके अनुसार, उस समय कांग्रेस ने इसका विरोध किया था। उन्होंने कहा कि सेंगोल तमिल संस्कृति की प्राचीन और गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है। त्रिवेदी ने तमिल भाषा और संस्कृति के संरक्षण से जुड़े विभिन्न कदमों का उल्लेख करते हुए कहा कि चेन्नई में शास्त्रीय तमिल संस्थान की स्थापना की गई। उन्होंने यह भी कहा कि 16 मई 2026 को हेग से चोल वंश की ताम्रपत्र सामग्री वापस लाई गई और सितंबर 2021 में प्रधानमंत्री मोदी ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में सुब्रमण्यम भारती पीठ की स्थापना की थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी तमिल संस्कृति को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाने के लिए लगातार प्रयास करते रहे



हैं। इसी क्रम में उन्होंने प्रधानमंत्री की चीन के राष्ट्रपति के साथ महाबलीपुरम यात्रा का भी उल्लेख किया। त्रिवेदी ने राहुल गांधी पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्या उन्हें तमिल संस्कृति और महाबलीपुरम के ऐतिहासिक महत्व की जानकारी है? उन्होंने पल्लव कालीन परंपरा का जिक्र करते हुए बोधिधर्म का उदाहरण दिया और कहा कि तमिल क्षेत्र से चीन गए बोधिधर्म को वहां व्यापक पहचान मिली। उनके अनुसार, कांग्रेस ने भारत और चीन के बीच इस सांस्कृतिक संबंध को स्थापित करने के लिए पर्याप्त प्रयास नहीं किए। भाजपा प्रवक्ता ने राहुल गांधी के %स्पैश द पैट्रिआर्की% यानी पितृसत्ता को खत्म करने संबंधी बयान का जिक्र करते हुए भारतीय संस्कृति में मातृशक्ति की उपासना की परंपरा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में शक्ति की आराधना का विशेष महत्व है और नवरात्रि इसका प्रमुख उदाहरण है। उन्होंने चंद्रयान-3 की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि जब भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में पहुंचा, तो प्रधानमंत्री मोदी ने उस स्थान का नाम %शिवशक्ति% रखा। त्रिवेदी के अनुसार, यह भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं और प्रतीकों के प्रति सम्मान को दर्शाता है। सुधांशु त्रिवेदी ने देश में विभाजन और अराजकता फैलाने के कथित प्रयासों को लेकर भी विपक्ष पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भारत की बढ़ती वैश्विक भूमिका से कुछ शक्तियां असहज हो सकती हैं और इसी वजह से देश के भीतर सरकार के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने हालिया बैरिकेडिंग का जिक्र करते हुए कहा कि एक किलोमीटर तक बैरिकेडिंग होने पर कुछ लोगों को आपातकाल की याद आने लगी।

इसके बाद उन्होंने 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के शासनकाल में लगाए गए आपातकाल का उल्लेख किया। त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि आपातकाल के दौरान नागरिकों के मौलिक अधिकारों और मानवाधिकारों का हनन हुआ तथा विपक्ष के नेताओं को जेल में डाल दिया गया था। उन्होंने कहा कि आज विपक्ष के नेता प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ खुलकर बयान देते हैं, लेकिन आपातकाल के दौरान इंदिरा गांधी को सत्ता से हटाने की बात कहने पर भी जेल जाने का खतरा था।

लगातार 15वीं बार समी कपूर बने विश्वकर्मा फाउंडेशन के प्रधान

संगठन ने फिर जताया भरोसा, संगत ने फूलों के हार पहनाकर किया भव्य स्वागत

डेली आवाज भारती

बटाला, (अमनदीप संधू): विश्वकर्मा फाउंडेशन की ओर से समी कपूर को लगातार 15वीं बार प्रधान की जिम्मेदारी सौंपे जाने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर संगत और संगठन से जुड़े लोगों ने उन्हें फूलों के हार पहनाकर सम्मानित किया। लगातार 15वीं बार प्रधान की जिम्मेदारी मिलना उनके प्रति संगठन के विश्वास और सहयोग को दर्शाता है। इस मौके पर समी कपूर ने कहा कि संगठन की ओर से बार-बार उन पर विश्वास जताना उनके लिए गर्व और सम्मान की बात है। वह इस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी, लगन और समर्पण



के साथ निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि संगठन की ओर से दिया गया यह सम्मान उन्हें समाज सेवा और लोगों की भलाई के लिए और अधिक उत्साह के साथ काम करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन की मजबूती उसके साथ जुड़े लोगों के विश्वास, सहयोग और आपसी एकता पर निर्भर करती है। इसलिए वह संगठन के सभी सदस्यों और सहयोगियों को साथ लेकर सामाजिक कार्यों को और मजबूत करने के लिए प्रयासरत रहेंगे। समी कपूर ने कहा कि समाज की सेवा करना और लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरना उनकी प्राथमिकता रहेगी। वह संगठन की गतिविधियों को आगे बढ़ाने और समाज के हित में किए जाने वाले कार्यों के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी सेवाएं देते रहेंगे। इस अवसर पर संगत और संगठन के सदस्यों ने समी कपूर को बधाई दी और उम्मीद जताई कि वह भविष्य में भी अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाते हुए संगठन की उन्नति और समाज की भलाई के लिए अपना योगदान देते रहेंगे।

CMYK

page 3_Layout 1 11-10-2026 20:25 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, संगरूर ⟫ सोमवार , 12 अक्तूबर 2026



गुरुहरसहाय में नवरात्रों पर माता जजल वाली सहित विभिन्न मंदिरों में लगी भक्तों की रौंनके

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): आज से माता शेरों वाली के नवरात्रे शुरू हो गए हैं और मंदिरों में भक्तों की रौनकें लग गई हैं। माता जजल वाली मंदिर में मंदिर के प्रधान रवि शर्मा द्वारा माता शेरों वाली, मा काली और माता जजल वाली की ज्योत जलाई गई और पूरी विधि से पूजा-अर्चना की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए मंदिर के प्रधान रवि शर्मा ने बताया कि आज से माता शेरों वाली के पावन पवित्र नवरात्रे शुरू हो गए हैं और उनके द्वारा प्राचीन प्रसिद्ध मंदिर माता जजल वाली में माता शेरों वाली और मां काली की पावन पवित्र ज्योत जलाई गई है और पंडित जगत राम द्वारा पूरी विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई है। उन्होंने बताया कि मंदिर में श्री दुर्गा स्तुति का पाठ स्त्री सेवा द्वारा हर रोज 3 बजे से लेकर शाम को 5 बजे तक किया जाएगा। इसके साथ ही शहरवासियों के सहयोग से 19 अक्तूबर दिन सोमवार को रात 9 बजे नवरात्रों के उपलक्ष्य में श्री दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर विशाल भक्ति जागरण करवाया जाएगा। इस जागरण की शोभा बढ़ाने के लिए विक्रम शर्मा एंड पार्टी जम्मू वाले महामाई का गुणगान करेंगे। इसके अलावा श्री गणेश वंदना और तारा रानी की अमर कथा का गुणगान महंत बिट्टू मोंगा, लवी नरूला, लाडा मोंगा, राजन मदान, शैंकी विक्की, नीलू, सन्नम सलूजा और अजीत बच्चा एंड पार्टी मंदिर माता जजल वाली वाले करेंगे। इस मौके पर भंडारा दिन-रात चलेगा। इस मौके पर महंत जी, कुलदीप शर्मा और अश्वनी कंधारी आदि मौजूद थे।

'युद्ध नशेआं विरुद्ध' के तहत, अमृतसर में 'यूथ रन पंजाब 2026' में नशा-मुक्त और रंगला पंजाब का संदेश देने के लिए हज़ारों युवाओं ने लगाई दौड़

यूथ रन पंजाब 2026 ने नशों के विरुद्ध एक मज़बूत संदेश दिया है, पंजाब के युवा खेलों को चुन रहे हैं: अमनशेर सिंह शैरी कलसी

डेली आवाज भारती

अमृतसर, के.एस. बेदी : 'युद्ध नशेआं विरुद्ध' मुहिम के तहत, आम आदमी पार्टी (आप) की यूथ विंग ने नशों के विरुद्ध लड़ाई को मज़बूत करने और युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए रविवार को अमृतसर में 'यूथ रन पंजाब 2026' मैराथन का आयोजन किया। सुबह 6 बजे रंजीत एवेन्यू से शुरू हुई इस मैराथन में हज़ारों युवाओं, खिलाड़ियों और हर तरह के लोगों ने जोश के साथ हिस्सा लिया। इस मैराथन ने फिटनेस, हेल्दी लाइफस्टाइल और नशा मुक्त पंजाब के पक्ष में एक मज़बूत संदेश दिया। इस मौके पर अमृतसर की पूरी आप लीडरशिप मौजूद थी, जिन्होंने युवाओं का हौसला बढ़ाया और एक स्वस्थ्य समाज बनाने में खेलों की अहमियत पर ज़ोर दिया। आप पंजाब के वर्किंग प्रधान और विधायक अमनशेर सिंह शैरी कलसी ने हरी झंडी दिखाकर यह मैराथन शुरू की। यह इस बात की झलक दिखाती है कि पंजाब के युवाओं की उर्जा को काम की गतिविधियों में लगाने और उन्हें नशों से दूर रखने पर कितना ध्यान दिया जा रहा है। इस पहल ने मुख्यमंत्री भगवंत मान सरकार के उस वादे को और मज़बूत किया, जिसका मकसद पंजाब को नशा मुक्तबनाना और एक खुशहाल, आगे बढ़ने वाला और रंगला पंजाब का निर्माण करना है। मैराथन को हरी झंडी दिखाते हुए, आप पंजाब के वर्किंग प्रधान और विधायक अमनशेर सिंह शैरी कलसी ने कहा, विपक्ष लगातार पंजाब के युवाओं को गलत तरीके से दिखाकर राज्य को टारगेट करता है। लेकिन, 'यूथ रन पंजाब 2026' में भारी भागीदारी हमारे राज्य की असली कामयाबी दिखाती है। आज, हज़ारों युवा फिटनेस, खेलों और नशा मुक्तपंजाब को बढ़ावा देने के लिए एक साथ आए हैं। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को धन्यवाद देते हुए, अमनशेर सिंह शैरी कलसी ने कहा, सरकार बुज़ुर्गों के लिए तीर्थयात्रा और मोहल्ला क्लीनिक जैसी लोगों के लिए अच्छी पहल के ज़रिए समाज के हर वर्ग के लिए काम कर रही है। इन भलाई के कामों के साथ-साथ, जो लोग भटक गए थे, उनकी मदद करने की भी कोशिश की जा रही है ताकि वे एक अच्छी ज़िंदगी जी सकें। मैं मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और अरविंद केजरीवाल की खुशहाल और विकसित पंजाब के लिए काम करने की सोच को सलाम करता हूँ। आप के चीफ स्पोक्सपर्सन और विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल ने कहा, ÷यूथ रन पंजाब को मोहाली, बठिंडा और जालंधर में पहले ही बहुत अच्छा रिस्पॉन्स मिल चुका है, जहाँ हज़ारों युवाओं ने जोश के साथ हिस्सा लिया। आज अमृतसर की पवित्र धरती पर, माझा इलाके के युवा और पहलवान सुबह से ही हमारे चौथे प्रोग्राम में हिस्सा लेने के लिए बड़ी संख्या में पहुँचे हैं। यह जोश माझा की खेलों की भावना और ताकत को दिखाता है।



कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने कहा, पंजाब के युवा खेलों और फिटनेस को चुन रहे हैं। अमृतसर में हुए 'यूथ रन' में हज़ारों बच्चों और युवाओं का हिस्सा लेना यह साफ़ संदेश देता है कि हमारे युवा हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने और ड्रग्स से दूर रहने के लिए तैयार हैं। पंजाब लगातार एक खुशहाल, प्रोग्रेसिव और रंगला पंजाब बनने की ओर बढ़ रहा है। आप ने कहा कि 'यूथ रन पंजाब 2026' मुहिम खेलों को बढ़ावा देने, हेल्दी लाइफस्टाइल को बढ़ावा देने और पंजाब को नशा मुक्त बनाने के लिए मिलकर कोशिश करने में युवाओं को इकट्ठा करने के उसकी प्रतिबद्धता को दिखाता है।

मन को स्वस्थ बनाना, सपनों को संवारना:

सामाजिक पुनर्जागरण के दोहरे आह्वान से जागृत हुआ अमृतसर



डेली आवाज भारती

अमृतसर/के.एस. बेदी : अमृतसर के उपनगरीय क्षेत्र में स्थित एक शांत आंगन में बैठी एक नन्ही बच्ची एकाग्रचित्त होकर सुन रही थी, जब कानूनी विशेषज्ञों ने उसे समझाया कि उसकी भलाई, आत्मसम्मान और आकांक्षाएं संवैधानिक अधिकारों के तहत पूर्णतः सुरक्षित हैं। वहीं दूसरी ओर, शहर के विभिन्न अस्पतालों के वार्डों और ग्रामीण सामुदायिक केंद्रों में कभी वर्जित (संकोचपूर्ण) माने जाने वाले विषयों पर खुलकर और संवेदनशीलता से चर्चा हुई–यह स्वीकार करते हुए कि मानसिक स्वास्थ्य भी जीवन के लिए उतना ही अनिवार्य है जितनी कि सांसें। 10 अक्टूबर से 11 अक्टूबर के दौरान, अमृतसर जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण (DLSA), अमृतसर के नेतृत्व में एक अभूतपूर्व सामुदायिक जागरूकता अभियान का साक्षी बना।

यह भली-भांति समझते हुए कि किसी भी समाज की भावनात्मक सुदृढ़ता अपनी बेटियों को दिए जाने वाले मान-सम्मान व सुरक्षा से अभिन्न रूप से जुड़ी है, समर्पित कानूनी टीमों ने लोगों की चौखट तक न्याय, गरिमा और संबल पहुंचाने के उद्देश्य से सघन जागरूकता अभियान चलाए। प्रत्येक वर्ष 10 अक्टूबर को मनाया जाने वाला विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पहली बार 1992 में रिचर्ड हंटर के नेतृत्व में %वर्ल्ड फेडरेशन फॉर मेंटल हेल्थ% द्वारा शुरू किया गया था। जो कभी एक वैश्विक शैक्षणिक अभियान के रूप में शुरू हुआ था, वह आज भावनात्मक आघातों को समझने, सामाजिक बहिष्कार को समाप्त करने और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को एक अविभाज्य मानवाधिकार के रूप में स्थापित करने का एक तात्कालिक अंतरराष्ट्रीय संकल्प बन चुका है। इन टीमों ने मरीजों, तीमारदारों, युवाओं और बुजुर्गों से सीधा संवाद साधा और समुदाय से अपील की कि वे मानसिक तनाव को सामान्य मानवीय स्थिति के रूप में स्वीकार करें, समय पर चिकित्सीय व संस्थागत परामर्श लें और मानसिक समस्याओं से जुड़ी पुरातन हिचक व शर्म को त्यागें। चर्चाओं के दौरान इस बात पर विशेष बल दिया गया कि मानसिक स्वास्थ्य कोई विलासिता नहीं, बल्कि एक सशक्त जीवन और खुशहाल परिवार की आधारशिला है।

लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने विधानसभा हलका जंडियाला गुरु से 68वीं तीर्थ यात्रा बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

डेली आवाज भारती

जंडियाला गुरु/अमृतसर, के.एस. बेदी– पंजाब के लोक निर्माण मंत्री स. हरभजन सिंह ईटीओ ने आज विधानसभा हलका जंडियाला गुरु के गांव नंगल दयाल सिंह से हलके की 68वीं तीर्थ यात्रा बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस तीर्थ यात्रा बस के माध्यम से संगत को श्री आनंदपुर साहिब, श्री कीरतपुर साहिब और श्री नैना देवी धाम के दर्शन करवाए जाएंगे। संगत को रवाना करने के अवसर पर कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना चलाई जा रही है, जिसके तहत प्रदेशवासियों को विभिन्न धार्मिक स्थलों के निःशुल्क दर्शन करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मान सरकार ने तीर्थ यात्रा योजना शुरू करके बुजुर्गों की तीर्थ यात्रा करने की मनोकामना पूरी की है।



उन्होंने कहा कि भगवंत मान सरकार द्वारा प्रदेश के श्रद्धालुओं के लिए यह तीर्थ यात्रा पूरी तरह निःशुल्क है। उन्होंने बताया कि यात्रियों को धार्मिक स्थलों तक ले जाने और वापस लाने के अलावा यात्रा के दौरान ठहरने तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं के प्रबंध भी राज्य सरकार द्वारा किए जाते हैं, ताकि हर वर्ग के लोग बिना किसी आर्थिक बोझ के अपनी धार्मिक आस्था के अनुसार तीर्थ स्थलों के दर्शन कर सकें। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि अब तक प्रदेशभर में पांच लाख से अधिक यात्री विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन कर चुके हैं और प्रतिदिन पंजाब के अलग-अलग क्षेत्रों से विभिन्न धार्मिक स्थलों के लिए तीर्थ यात्रा बसें रवाना हो रही हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा हलका जंडियाला गुरु में आज 68वीं तीर्थ यात्रा बस रवाना की गई है। तीर्थ यात्रा पर जा रहे गांव नंगल दयाल सिंह के बुजुर्गों ने पंजाब सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि मान सरकार ने उनकी मनोकामना पूरी की है। इस अवसर पर उन्होंने कैबिनेट मंत्री स. हरभजन सिंह ईटीओ का भी आभार व्यक्त किया।

पूर्व विधायक रमिन्द्र आवला ने पिता की याद में गुरु हर सहाय में आयोजित किया मेगा मेडिकल चैंकअप कैंप

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): शहर की फरीदकोट रोड पर स्थित चंदन पैलेस में रविवार को जलालाबाद के पूर्व विधायक रमिंदर सिंह आवला ने अपने पिता डा.हरभजन सिंह आवला की याद में परिवार की ओर से एक मेगा मेडिकल फ्री चेक-अप कैंप आयोजित किया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने अपना चेक-अप करवाया। इस कैंप में लोगों के चेक-अप के लिए डीएमसी लुधियाना और अनिल बागी अस्पताल फिरोजपुर के विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने कैंप में आए हजारों लोगों का चेक-अप कर उनके टेस्ट करवाकर दवाइयां भी मुफ्त दी गई। इस मेगा कैंप के संबंध में जानकारी देते हुए रमिंदर सिंह आवला ने बताया कि यह कैंप डा.एच.एस आवला फाउंडेशन द्वारा गुरुहरसहाय और आस-पास के लोगों के लिए लगाया गया है। उन्होंने कहा कि लोगों को अन्य जरूरत की चीजें अक्सर ही मिल जाती हैं, लेकिन स्वास्थ्य के लिए लोगों को कोई उचित सुविधाएं नहीं मिलती हैं। इस बॉर्डर इलाके के लोगों को यहां बड़े डॉक्टर ना होने के कारण फिरोजपुर और लुधियाना जाना पड़ता था, इसलिए हर तरह की बीमारी का इलाज करने वाले बड़े विशेषज्ञ डॉक्टरों को इस कैंप में बुलाया गया है, जिसमें डीएमसी अस्पताल लुधियाना से विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम और फिरोजपुर के डा.अनिल भागी अस्पताल से डॉक्टरों की टीम जो यहां पहुंची है और उनकी तरफ से लोगों का चेक-अप किया गया है और उनके हर तरह के टेस्ट फ्री करके उन्हें मुफ्त दवाएं भी दी गई है। इसके बाद जिन मरीजों को अस्पताल जाकर भी चेक-अप करवाना पड़ेगा, उनका भी इलाज मुफ्त करवाया जाएगा। रमिंदर सिंह आवला द्वारा सभी डॉक्टरों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौकेपर अनिल बागी अस्पताल फिरोजपुर से डा.कमल बागी ने बताया कि हमारे साथ सभी तरह के विशेषज्ञ डॉक्टर यहां आए हैं और मरीजों की जांच करके उनके फ्री मेडिकल टेस्ट करके फ्री दवाएं दी जा रही हैं। इसके साथ ही डीएमसी अस्पताल लुधियाना से आई डा.आशिमा तनेजा ने बताया कि हम आज खास बॉर्डर बेल्ट में आवला परिवार द्वारा लगाए गए इस मेगा कैंप में आए हैं।





मेगा मेडिकल कैंप का उद्घाटन करते हुए रमिंदर सिंह आवला एवं कैंप की अन्य तस्वीरें।

गांव कड़मा में नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने सुनी लोगों की समस्याएं, प्रशासन के साथ मिलकर समाधान के लिए किए प्रयास

भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राजनबीर सिंह ढिल्लों ने सिरोपा एवं सम्मान चिंह देकर प्रियंक कानूनगो को किया सम्मानित

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने जिला फिरोजपुर के गांव कड़मा पहुंचकर बीते दिन बखुले पंडाल में लोगों की समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर गांव वासियों ने अपनी विभिन्न समस्याएं उनके सामने रखीं।

मालूम हो कि प्रियंक कानूनगो ने मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत कर लोगों की समस्याओं का समाधान करवाने के लिए प्रयास किए। इस अवसर पर लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और मौके पर संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों के साथ तालमेल बिठाकर उनके निपटारे के लिए आवश्यक कार्रवाई करने पर जोर दिया गया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं को सुनना और उनके समाधान के लिए योग्य कदम उठाना रहा। गांव कड़मा के दौरे के बाद प्रियंक कानूनगो जी भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजनबीर सिंह ढिल्लों के निवास पर पहुंचे। इस अवसर पर राजनबीर सिंह ढिल्लों ने उन्हें सिरोपा पहनाकर सम्मानित किया और पंजाब के महान योद्धा महाराजा रणजीत सिंह जी की तस्वीर भेंट करके सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर पर राजनबीर सिंह ढिल्लों ने कहा कि लोगों की समस्याएं सुनना, उनके समाधान के लिए प्रशासन के साथ तालमेल करना और मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना समाज की अहम जरूरत है।



भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राजनबीर सिंह ढिल्लों नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन के सदस्य प्रियंक कानूनगो को सिरोपा एवं सम्मान चिंह देकर प्रियंक कानूनगो को सम्मानित करते हुए।

उन्होंने कहा कि भगवंत मान सरकार द्वारा प्रदेश के श्रद्धालुओं के लिए यह तीर्थ यात्रा पूरी तरह निःशुल्क है। उन्होंने बताया कि यात्रियों को धार्मिक स्थलों तक ले जाने और वापस लाने के अलावा यात्रा के दौरान ठहरने तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं के प्रबंध भी राज्य सरकार द्वारा किए जाते हैं, ताकि हर वर्ग के लोग बिना किसी आर्थिक बोझ के अपनी धार्मिक आस्था के अनुसार तीर्थ स्थलों के दर्शन कर सकें। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि अब तक प्रदेशभर में पांच लाख से अधिक यात्री विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन कर चुके हैं और प्रतिदिन पंजाब के अलग-अलग क्षेत्रों से विभिन्न धार्मिक स्थलों के लिए तीर्थ यात्रा बसें रवाना हो रही हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा हलका जंडियाला गुरु में आज 68वीं तीर्थ यात्रा बस रवाना की गई है। तीर्थ यात्रा पर जा रहे गांव नंगल दयाल सिंह के बुजुर्गों ने पंजाब सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि मान सरकार ने उनकी मनोकामना पूरी की है। इस अवसर पर उन्होंने कैबिनेट मंत्री स. हरभजन सिंह ईटीओ का भी आभार व्यक्त किया।

न्यू चंडीगढ़ से भारी काफिला पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष परगट सिंह की ताजपोशी के लिए रवाना



डेली आवाज भारती

चंडीगढ़: (हरतेज सिंह तेजी) : पंजाब कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सरदार परगट सिंह की ताजपोशी के अवसर पर न्यू चंडीगढ़ से कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं का एक विशाल काफिला सेक्टर 15 स्थित कांग्रेस भवन के लिए रवाना हुआ। यह काफिला पूर्व जिला परिषद सदस्य और पंजाब इन्फोटेक के पूर्व चेयरमैन यादवविंदर सिंह बन्नी कंग की अगुवाई में निकला, जिसमें खरे हलके से बे ी संख्या में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और युवा कार्यकर्ता शामिल हुए। इस मौके पर यादवविंदर सिंह बन्नी कंग ने नवनियुक्त प्रधान को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में पार्टी को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती मिलेगी। इस काफिले और आयोजन के दौरान ग्यान घंडोली (पूर्व समिति मेंबर एवं पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष माजरी), कृपाल सिंह खे राबाद (पूर्व चेयरमैन मार्केट कमेटी कुराली), रंजीत सिंह खदरी (पूर्व प्रधान ट्रक यूनियन खरे), सतीश शर्मा मुल्लांपुर (ब्लॉक समिति मेंबर), रोहित तौ ा (पूर्व समिति मेंबर), अवतार तारी (पूर्व एमसी नयागांव), सरपंच सरबजीत टोडर माजरा, कृष्ण मल्होत्रा मुल्लांपुर गरीबदास, चेत सिंह नंगल गो या, अमन झंजे ी, प्रिंस खे राबाद, रवि खे राबाद, बलदेव करतारपुर और हैप्पी कांसल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

page 4_Layout 1 11-10-2026 20:29 Page 1

खालसा यूनिवर्सिटी में 'संडेज ऑन साइकिल' रैली आयोजित, 700 से अधिक खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

साइकिलिंग एक सरल और पर्यावरण अनुकूल गतिविधि : प्रो-चांसलर छीना

डेली आवाज भारती

अमृतसर, (के.एस. बेदी) : खालसा यूनिवर्सिटी के परिसर में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई), चंडीगढ़, भारतीय खेल प्राधिकरण तथा युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में फिट इंडिया कार्यक्रम के 94वें चरण के तहत 'संडेज ऑन साइकिल' रैली का आयोजन किया गया। यह रैली शारीरिक फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा और नशामुक्त पंजाब के उद्देश्यों को समर्पित थी। इसमें 700 से अधिक खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली में बीएसएफ, सेना, सीआरपीएफ और आईटीबीपी के जवानों ने भी हिस्सा लिया।







कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को यह संदेश देना था कि स्वस्थ नागरिक, स्वच्छ पर्यावरण, सुरक्षित सड़कें और नशामुक्त युवा ही मजबूत पंजाब की नींव हैं। सामूहिक भागीदारी और जागरूकता के माध्यम से इन उद्देश्यों को साकार किया जा सकता है। इस दौरान लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, साइकिलिंग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने, पर्यावरण संरक्षण तथा युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के प्रो-चांसलर एवं खालसा कॉलेज गवर्निंग काउंसिल के ऑनरेरी सचिव राजिंदर मोहन सिंह छीना, मुख्य अतिथि एशियाई खेलों में हॉकी का स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी जर्मनप्रीत सिंह तथा विशेष स्टार अतिथि जुगराज सिंह ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली यूनिवर्सिटी परिसर से शुरू होकर आसपास के क्षेत्रों से गुजरती हुई पुनः अपने प्रारंभिक स्थान पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस अवसर पर ओलंपियन ब्रिगेडियर हरचरण सिंह और अर्जुन अवार्डी डॉ. सुमन शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

इस मौके पर छीना ने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाना, पर्यावरण की रक्षा करना और युवाओं को नशे से दूर रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि 'संडेज ऑन साइकिल' जैसे कार्यक्रम लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए भी प्रेरित करते हैं। साइकिलिंग एक सरल और पर्यावरण अनुकूल गतिविधि है, जिसे आसानी से दैनिक जीवन का हिस्सा बनाया जा सकता है। छीना ने युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहें, खेलों से जुड़ें और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना भी हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी को मिलकर स्वस्थ, सुरक्षित और नशामुक्त पंजाब के निर्माण के लिए प्रयास करने चाहिए।

इस अवसर पर जर्मनप्रीत सिंह और जुगराज सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि खेल व्यक्ति को शारीरिक रूप से मजबूत बनाने के साथ-साथ मानसिक रूप से भी दृढ़ बनाते हैं। उन्होंने कहा कि एक खिलाड़ी के जीवन में अनुशासन, समर्पण, निरंतर मेहनत और टीम भावना की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ये गुण जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने युवाओं से नियमित व्यायाम करने और किसी न किसी खेल से अवश्य जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और भविष्य को नुकसान पहुंचाता है। इसलिए युवाओं को अपनी ऊर्जा खेलों और रचनात्मक गतिविधियों में लगानी चाहिए। साइकिलिंग स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक है। स्वस्थ युवा ही देश का गौरव और भविष्य हैं।

इस मौके पर यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. महल सिंह ने कहा कि खेल हमें केवल जीतना ही नहीं सिखाते, बल्कि कठिनाइयों का सामना करना, हार से सीखना और निरंतर आगे बढ़ना भी सिखाते हैं। इसलिए प्रत्येक युवा को अपने दैनिक जीवन में व्यायाम और खेलों के लिए समय निकालना चाहिए। उन्होंने कहा कि 'संडेज ऑन साइकिल' स्वस्थ जीवनशैली और पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश देता है। साइकिलिंग शरीर को सक्रिय रखने के साथ-साथ छोटी दूरी की यात्राओं में ईंधन की खपत कम करने में भी सहायक हो सकती है। इसके साथ सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना भी अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान ओलंपियन, विश्व कप विजेता भारतीय हॉकी टीम के पूर्व उपकप्तान एवं अर्जुन अवार्डी ब्रिगेडियर हरचरण सिंह ने कहा कि खेल व्यक्ति में अनुशासन, साहस, समर्पण और जिम्मेदारी की भावना पैदा करते हैं। खेल के मैदान में सीखे गए ये गुण जीवन के प्रत्येक चरण में उपयोगी साबित होते हैं। इसलिए युवा पीढ़ी को खेलों और शारीरिक गतिविधियों से जोड़ना समय की आवश्यकता है।

वहीं डॉ. सुमन शर्मा ने स्वस्थ जीवन के लिए नियमित शारीरिक गतिविधियों, संतुलित आहार और सकारात्मक सोच के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज की तेज रफ्तार जिंदगी में शारीरिक सक्रियता की कमी के कारण व्यायाम और खेलों का महत्व और बढ़ गया है। साइकिलिंग एक ऐसी गतिविधि है, जिसे व्यक्ति अपनी उम्र और क्षमता के अनुसार अपनाकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ा सकता है।

उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य केवल साइकिल चलाना नहीं, बल्कि लोगों को स्वास्थ्य, पर्यावरण और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक करना भी है। बच्चों और युवाओं में प्रारंभ से ही व्यायाम, खेलों और सुरक्षित जीवनशैली की आदतें विकसित की जानी चाहिए। इस अवसर पर साई के अधिकारियों ने कहा कि 'संडेज ऑन साइकिल' देशव्यापी अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ लोगों को सामाजिक जिम्मेदारियां निभाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों की जिम्मेदारी केवल विद्यार्थियों को शैक्षणिक ज्ञान प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें जिम्मेदार, अनुशासित और स्वस्थ नागरिक बनाना भी है। खेल युवाओं में आत्मविश्वास, कड़ी मेहनत और टीम भावना जैसे गुण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस दौरान साई की टीम की ओर से राजिंदर मोहन सिंह छीना, डॉ. महल सिंह, जर्मनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक एवं डीन डॉ. कंवलजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि ब्रिगेडियर हरचरण सिंह अर्जुन अवार्डी और दो बार के ओलंपियन हैं। उन्होंने एशियाई खेलों और हॉकी विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। वह भारतीय हॉकी टीम के उपकप्तान भी रह चुके हैं और उस टीम का हिस्सा थे, जिसने विश्व कप जीतकर देश का नाम रोशन किया था। उन्होंने बताया कि भारतीय हॉकी टीम ने अब तक केवल एक बार हॉकी विश्व कप जीता है। इस ऐतिहासिक जीत के दौरान पेनल्टी कॉर्नर से किए गए निर्णायक गोल के लिए गेंद को आगे बढ़ाने में ब्रिगेडियर हरचरण सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। उनका यह योगदान भारतीय हॉकी के इतिहास का अहम हिस्सा है। इस अवसर पर अकादमिक मामलों के डीन डॉ. सुरिंदर सिंह, खालसा कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. आत्म सिंह रंधावा, खालसा कॉलेज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल शरणजीत सिंह, मनराज छीना, स. विक्रमजीत सिंह काका, निष्काम सेवा से श्री किशोर रैणा, साई की मुख्य कोच एवं स्कीम प्रभारी श्रीमती मंजू घई, साई के क्षेत्रीय केंद्र के सहायक निदेशक छाया, स. जोगिंदर सिंह, श्री सिद्धार्थ, श्रीमती दीपिका, श्री राजेश कुमार और श्री सागर उपाध्याय सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

खड़र के गांव मल्कपुर और नबीपुर के लोगों ने देखी श्री गुरु रविदास जी महाराज के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री

- श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित पंजाब सरकार का विशेष प्रयास : गुरमीत सिंह

डेली आवाज भारती

खड़र/संदीप अकालगढ़िया: पंजाब सरकार की ओर से श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित विशेष प्रयास के तहत खड़र ब्लॉक के गांव मल्कपुर और नबीपुर में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से 30 मिनट की विशेष डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। इस पहल का उद्देश्य लोगों को श्री गुरु रविदास जी महाराज के जीवन, उनकी शिक्षाओं और समाज को दिए गए संदेश से अवगत करवाना है। इस संबंध में जानकारी देते हुए खड़र के उपमंडल मजिस्ट्रेट श्री गुरमीत सिंह ने बताया कि पंजाब सरकार की ओर से श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित यह विशेष डॉक्यूमेंट्री गांव-गांव में दिखाई जा रही है, ताकि अधिक से अधिक लोग उनके जीवन और विचारधारा के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि श्री गुरु रविदास जी महाराज ने अपनी वाणी और शिक्षाओं के माध्यम से समाज को समानता, आपसी भाईचारे, मानवीय सम्मान और सद्भावना का संदेश दिया। उनकी विचारधारा मानवता की सेवा करने तथा समाज से जात-पात और भेदभाव को दूर करके समानता पर आधारित समाज की स्थापना करने की प्रेरणा देती है।



उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों के माध्यम से युवा पीढ़ी को महान गुरु साहिबान के जीवन और शिक्षाओं से जोड़ने के साथ-साथ समाज में आपसी एकता और सद्भावना की भावना को भी मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे गुरु साहिबान की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाएं और समाज में समानता, भाईचारे तथा मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने में अपना योगदान दें।

नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने वाले दो लोगों पर मामला दर्ज

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): फिरोजपुर में एक नाबालिग लडे ी को भगा ले जाने के आरोप में थाना सदर फिरोजपुर पुलिस ने एक महिला समेत एक युवक के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत पीड़ित युवती के बयान पर मामला दर्ज किया है। पुलिस को दिए बयानों में नाबालिग लडे ी ने बताया कि कुलदीप कौर पत्नी सन्नी, जोकि उसकी भाभी लगती है, ने उसके संबंध प्रेम सिंह उर्फ बग्गी पुत्र गुरनाम सिंह निवासी मुदकी से बनवा दिए थे। नाबालिग लडे ी ने बताया कि प्रेम सिंह बीती 7 अक्तूबर 2026 को उसे बहला-फुसलाकर अपनी मोटरसाइकिल पर बिठाकर साथ ले गया था। नाबालिग लडे ी ने बताया कि दिनांक 9 अक्तूबर 2026 को उसने किसी तरह अपने मोबाइल फोन से अपने पिता को फोन किया, जिसके बाद उसके पिता उसे वापिस घर ले आए है। इस मामले की जांच कर रही एसआई जसविंदर कौर ने बताया कि पुलिस ने शिकायतकर्ता के बयानों पर कुलदीप कौर और प्रेम सिंह के खिलाफ मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

हैंडबॉल में नेशनल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने हासिल की शानदार उपलब्धियां

डेली आवाज भारती

कुराली। **संदीप अकालगढ़िया** मोरिंडा रोड स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल कुराली के विद्यार्थियों ने हैंडबॉल की विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से स्कूल में खुशी का माहौल है। अंडर-14 लड़कियों के मुकाबले में आठवीं कक्षा की ओमनप्रीत कौर और पांचवीं कक्षा की गुरसिफत कौर ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किए। इसी तरह अंडर-17 वर्ग में नौवीं कक्षा के अमित गुप्ता ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन कमेटी की चेयरपर्सन श्रीमती संतोष शर्मा, मैनेजर श्रीमान अमन शर्मा, खजांची श्रीमान ईश अग्रवाल और प्रिंसिपल डॉ. कविता कुंद्रा ने विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन ने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करने के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों में मेहनत, लगन और मिल-जुलकर काम करने की भावना पैदा होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी तरह मेहनत करने और नई उपलब्धियां हासिल कर स्कूल तथा अपने माता-पिता का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।



पंजाब में बारिश से धान की कटाई और मंडियों में खरीद प्रक्रिया हुई प्रभावित



चंडीगढ़। पंजाब में रविवार को हुई भारी बारिश से धान की कटाई और मंडियों में खरीद प्रक्रिया प्रभावित हुई है। कई स्थानों पर जलभराव के कारण किसानों की परेशानी बढ़ गई है। भारतीय मौसम विभाग की चेतावनी के बीच सात जिलों में रेड अलर्ट जारी किए जाने की खबर है। बारिश के कारण खेतों में खड़ी फसल की कटाई में कम से कम एक सप्ताह की देरी होने की आशंका जताई गई है। इससे किसानों को फसल की सुरक्षा और मंडियों में उपज पहुंचाने को लेकर चिंता बढ़ गई है। यदि बारिश जारी रहती है तो फसल को नुकसान और खरीद प्रक्रिया में और देरी हो सकती है।

सांसद मालविंदर कंग और परविंदर गोल्डी ने गांव चांदपुर राव में नए खेल मैदान और नवीनीकृत तालाब का किया उद्घाटन

डेली आवाज भारती

न्यू चंडीगढ़ / माजरी: (हरतेज सिंह तेजी) : हल्का खरड़ के ब्लॉक माजरी के पास स्थित गांव चांदपुर राव में विकास कार्यों की एक नई शुरुआत हुई। सांसद मालविंदर सिंह कंग और हल्का इंचार्ज परविंदर सिंह गोल्डी ने संयुक्त रूप से गांव में लगभग 60 से 65 लाख रुपये की लागत से बने नए खेल मैदान तथा करीब 30 से 35 लाख रुपये की लागत से नवीनीकृत किए गए तालाब का भव्य उद्घाटन किया। इस अवसर पर गांव के सरपंच शुभम गिरी, विक्रम सिंह, राकेश कुमार, मनजीत कौर, नंबरदार तिलक राज, हरनेक सिंह, अशोक कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद मालविंदर सिंह कंग ने कहा कि पंजाब सरकार गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार अनुदान (ग्रांट) जारी कर रही है। युवाओं को नशों की दलदल से दूर रखने और उन्हें खेलों की ओर प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नए खेल मैदान तैयार किए जा रहे हैं, ताकि युवा अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगा सकें। वहीं, हल्का इंचार्ज परविंदर सिंह गोल्डी ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार गांवों के हर अधूरे कार्य को पूरा करने के लिए पूरी तरह वचनबद्ध है। उन्होंने दावा किया कि सरकार के जनहितैषी और विकासात्मक कार्यों के बल पर जनता एक बार फिर भगवंत मान सरकार को सत्ता में लाने के लिए तैयार बैठी है।



18 ग्राम हेरोइन एवं नशा करने वाले सामान सहित 7 गिरफ्तार

गिरफ्तार लोगों पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामलें दर्ज

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जिला फिरोजपुर पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए विभिन्न मामलों में गश्त व चैकिंग के दौरान 18 ग्राम हेरोइन और नशा करने वाले सामान सहित 7 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज किए हैं। जानकारी देते हुए थाना सिटी फिरोजपुर पुलिस की एसआई लखवीर कौर ने बताया कि उनकी पुलिस ने गश्त के दौरान विकास निवासी बस्ती शेखां वाली फिरोजपुर शहर को 5 ग्राम हेरोइन सहित, थाना कैंट फिरोजपुर पुलिस के एसआई लाभप्रीत कौर ने बताया कि उनकी पुलिस टीम ने प्रीतपाल सिंह निवासी गांव लोहगढ़ को 3 ग्राम हेरोइन सहित, थाना आरफके पुलिस के एसआई दर्शन सिंह ने बताया कि उनकी पुलिस पार्टी ने निर्मल सिंह निवासी गांव मणकियां वाली को 1 ग्राम हेरोइन, सिल्वर पेपर, एक लाइटर, एक 10 रुपये के नोट सहित, थाना ममदोट पुलिस के एसआई बलजिंदर सिंह ने बताया कि उनकी पुलिस पार्टी ने अर्शप्रीत सिंह निवासी गांव चपाती को एक लाइटर, 10 रुपये के नोट पाइप नुमा, एक सिल्वर पन्नी हेरोइन लगी सहित, थाना कुलगढ़ी पुलिस के सहायक इंस्पैक्टर बलजीत सिंह ने बताया कि उनकी पुलिस पार्टी ने गश्त के दौरान साहिल निवासी गांव फत्तूवाला को 3 ग्राम हेरोइन सहित, थाना घल्लखुर्द पुलिस के एएसआई रणजीत सिंह ने बताया कि उनकी पुलिस पार्टी ने गश्त के दौरान करनवीर सिंह निवासी गांव करमूवाला को 3 ग्राम हेरोइन सहित, और थाना मल्लांवाला पुलिस के सहायक इंस्पैक्टर महेश कुमार ने बताया कि उनकी पुलिस पार्टी ने मल्लांवाला के श्मशान घाट के पास से निशान उर्फ विशाल निवासी कटिया वाला मोहल्ला मल्लांवाला को 3 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। मामलों की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलों में दोषियों के खिलाफ मामलें दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।



शिअद के जनसंपर्क अभियान के तहत सुनीं जनसमस्याएं

बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं डेराबस्सी के लोग, नगर परिषद के प्रति भारी रोष : कृष्ण पाल शर्मा

डेली आवाज भारती

डेराबस्सी/तरनप्रीत सिंह गिल : शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के उपाध्यक्ष एवं मोहाली जिला योजना बोर्ड के पूर्व चेयरमैन कृष्ण पाल शर्मा ने कहा है कि पार्टी द्वारा पूरे रा'य में शुरू किए गए जनसंपर्क अभियान को क्षेत्र में भारी जनसमर्थन मिल रहा है।

डेराबस्सी क्षेत्र के निवासी इस अभियान के तहत बिना किसी डर या झिझक के अपनी दैनिक समस्याओं को खुलकर पार्टी नेताओं के समक्ष रख रहे हैं। आज यहां पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं के साथ एक विशेष बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कृष्ण पाल शर्मा ने कहा कि डेराबस्सी के लोग आज भी पीने के साफ पानी, साफ-सफाई, सीवरेज व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय प्रशासन और नगर परिषद जनसमस्याओं के समाधान की दिशा में जानबूझकर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि शिरोमणि अकाली दल द्वारा धरातल पर लोगों की वास्तविक स्थिति को समझने के लिए यह अभियान चलाया गया है। जनता से मिलने वाले सुझावों और फीडबैक को आने वाले समय में पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र (मैनिफेस्टो) में प्राथमिकता के आधार पर शामिल किया जाएगा, ताकि सरकार बनने पर इनका स्थायी समाधान निकाला जा सके। कृष्ण पाल शर्मा ने पार्टी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि वे आगामी दिनों में घर-घर जाकर 'यादा से 'यादा लोगों तक पहुंचें और उनकी समस्याओं का जायजा लें।



इस दौरान आगामी चुनाव रणनीति को लेकर भी गहन विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पार्टी नेता हरविंदर सिंह पिंका, अरविंद सिंह, हरविंदर सिंह हनी, अरुण शर्मा, पुनीत शर्मा, अमरीश त्यागी, अमरीश भल्ला और सोहन लाल सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार मजदूर की मौत

- पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली चालक के खिलाफ दर्ज किया मामला

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना सदर फिरोजपुर में लापरवाही से चलाए जा रहे ट्रैक्टर-ट्राली के कारण हुए एक दर्दनाक हादसे का मामला सामने आया है। जिसमें थाना सदर फिरोजपुर की पुलिस ने उक्त मामलें में अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस को दिए बयानों में शिकायतकर्ता डेविड मसीह पुत्र शाम लाल निवासी अजीत नगर वार्ड नंबर 02 बॉर्डर रोड बस्ती बोरियां वाली फिरोजपुर शहर ने बताया कि उसका पिता शाम लाल मेहनत-मजदूरी का काम करता था और 9 अक्तूबर 2026 को वह और उसका पिता शाम लाल अपनी-अपनी मोटरसाइकिलों पर सवार होकर किसी काम के लिए गए हुए थे। शाम को करीब 7.40 बजे जब उसका पिता अपने मोटरसाइकिल नंबर पीबी-05एई-1770 हीरो डीलक्स पर सवार होकर आ रहा था तो एक अज्ञात ट्रैक्टर स्वराज समेत ट्राली के ड्राइवर ने अपने ट्रैक्टर को तेज रफ्तार और लापरवाही से गलत साइड से लाकर उसके पिता के मोटरसाइकिल में मार दिया। इस टक्कर के कारण उसके पिता शाम लाल के शरीर पर काफी गंभीर चोटें लगीं और मोटरसाइकिल का भी भारी नुकसान हो गया। डेविड मसीह ने बताया कि हादसे के बाद घायल अवस्था में उसके पिता को इलाज के लिए मैडीसिटी अस्पताल फिरोजपुर में दाखिल करवाया गया, जहां इलाज के दौरान चोटें ज्यादा लगने से उसकी मौत हो गई। इस मामले की जांच कर रहे सहायक इंस्पैक्टर परमजीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने शिकायतकर्ता के बयानों पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज करके आगे की कार्रवाई शुरु कर दी है।

CMYK

page 5_Layout 1 11-10-2026 19:17 Page 1

विधायक नरिंदर कौर भराज ने संगरूर में करीब 7.66 करोड़ रुपये की लागत से बने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का किया उद्घाटन

- शहरवासियों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाना और पर्यावरण की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता: नरिंदर कौर भराज*

प्लांट में शोधित पानी का उपयोग खेतों की सिंचाई के लिए किया जाएगा

डेली आवाज भारती



संगरूर/महिंदर सिंह: विधानसभा हलका संगरूर की विधायक नरिंदर कौर भराज ने आज हरेड़ी रोड पर भट्ठल कॉलोनी के नजदीक करीब 7.66 करोड़ रुपये की लागत से बने 4 एमएलडी क्षमता वाले सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का उद्घाटन किया। यह प्लांट प्रतिदिन 40 लाख लीटर सीवरेज के पानी को शोधित करने की क्षमता रखता है। प्लांट में शोधित पानी का उपयोग खेतों की सिंचाई के लिए किया जाएगा, जिससे पानी के पुनः उपयोग को बढ़ावा मिलेगा।

इस मौके पर विधायक नरिंदर कौर भराज ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार लोगों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि संगरूर के विकास के लिए सड़कों, पीने के पानी, सीवरेज और सफाई से संबंधित कार्यों को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाया जा सके। विधायक ने कहा कि शहर के विकास के साथ-साथ पर्यावरण की सुरक्षा भी बेहद जरूरी है। सीवरेज के पानी को बिना शोधित किए छोड़ने के बजाय उसे शोधित करके उपयोग में लाना एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि इस प्लांट के माध्यम से सीवरेज के पानी को शोधित करने से प्रदूषण कम करने और गंदे पानी के उचित प्रबंधन में मदद मिलेगी।

नरिंदर कौर भराज ने कहा कि प्लांट में शोधित पानी का खेतों की सिंचाई के लिए उपयोग करने से किसानों को सिंचाई के लिए पानी का एक और स्रोत उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि पानी की हर बूंद का उचित उपयोग समय की जरूरत है और शोधित पानी को कृषि के लिए इस्तेमाल करना जल संसाधनों के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि लोगों की बुनियादी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकास परियोजनाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। सरकारी धन का उपयोग ऐसे कार्यों के लिए किया जा रहा है, जिनका लोगों को लंबे समय तक लाभ मिल सके। करीब 7.66 करोड़ रुपये की लागत से तैयार यह प्लांट शहर की सीवरेज व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ पानी के पुनः उपयोग में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। विधायक ने कहा कि प्लांट के नियमित रखरखाव और सुचारू संचालन पर लगातार ध्यान देना जरूरी है, ताकि इसकी क्षमता का पूरा लाभ लोगों को मिल सके। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पानी के शोधन के दौरान निर्धारित मानकों का पालन और प्लांट की कार्यप्रणाली की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। नरिंदर कौर भराज ने शहरवासियों से भी सफाई बनाए रखने में सहयोग देने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक, ठोस कचरा और अन्य अनुपयुक्त सामग्री सीवरेज लाइनों में डालने से परहेज किया जाए, क्योंकि इससे सीवरेज व्यवस्था में रुकावट पैदा होती है। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों और लोगों के सहयोग से संगरूर को और अधिक साफ-सुथरा तथा बेहतर सुविधाओं वाला शहर बनाया जाएगा।

कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने सिविल अस्पताल सुनाम ऊधम सिंह वाला में 4 करोड़ 43 लाख रुपये की लागत वाले विकास कार्यों का रखा नींव पत्थर

- चारदीवारी, ट्यूबवेल और सीवरेज के कार्यों से अस्पताल के बुनियादी ढांचे को मिलेगी मजबूती; मरीजों और आम लोगों के लिए बेहतर होंगी सुविधाएं

डेली आवाज भारती



सुनाम/महिंदर सिंह : पंजाब के कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने सिविल अस्पताल सुनाम ऊधम सिंह वाला में 4 करोड़ 43 लाख रुपये की लागत से करवाए जाने वाले विकास कार्यों का नींव पत्थर रखकर निर्माण कार्यों की शुरुआत करवाई। इन कार्यों में अस्पताल की चारदीवारी, ट्यूबवेल और सीवरेज के कार्य शामिल हैं। इस मौके पर अमन अरोड़ा ने कहा कि इन विकास कार्यों के पूरा होने से अस्पताल के बुनियादी ढांचे को और मजबूती मिलेगी तथा यहां इलाज के लिए आने वाले मरीजों, उनके परिवार के सदस्यों और आम लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों में इलाज की सुविधाओं के साथ-साथ पानी, सफाई, सीवरेज और सुरक्षित वातावरण जैसी बुनियादी जरूरतों का उचित प्रबंधन भी बेहद जरूरी है। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि चारदीवारी के निर्माण से अस्पताल परिसर की सुरक्षा और रखरखाव को मजबूती मिलेगी, जबकि ट्यूबवेल से पानी की आपूर्ति व्यवस्था में सुधार होगा। इसी तरह सीवरेज के कार्य से गंदे पानी की निकासी सुचारू होगी और अस्पताल में स्वच्छ वातावरण बनाए रखने में मदद मिलेगी। अमन अरोड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना लोगों की सुविधाओं से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है और इस दिशा में जरूरत के अनुसार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, ÷हलका सुनाम के निवासियों की भलाई और सुविधाओं के लिए मैं हर समय प्रयासरत हूं। लोगों की जरूरतों के अनुसार विकास कार्य करवाना और उन्हें बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाना मेरी प्राथमिकता है। सिविल अस्पताल में शुरू किए गए ये कार्य इसी प्रयास का हिस्सा हैं।÷ शहर की सफाई व्यवस्था के बारे में जानकारी देते हुए कैबिनेट मंत्री ने बताया कि नगर परिषद की ओर से घर-घर से कूड़ा एकत्र करने और उसकी ढुलाई को अधिक सुचारू बनाने के लिए 25 नए ई-रिक्शा और कूड़ा उठाने वाले 15 टेंपो खरीदने का प्रस्ताव पारित किया गया है। उन्होंने कहा कि इन वाहनों की उपलब्धता से मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि योजना के तहत गलियों और मुख्य सड़कों के किनारे बने दो-तीन प्राथमिक कूड़ा डंप हटाकर कूड़ा सीधे बख्शीवाला रोड स्थित मुख्य डंपिंग ग्राउंड में पहुंचाया जाएगा। इससे शहर में कूड़े के ढेर लगने की समस्या कम होगी और सफाई व्यवस्था में सुधार आएगा। उन्होंने शहरवासियों से भी सफाई व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग देने की अपील की।

नन्हे मास्टर गुरवंश सिंह ने किया 'कबीरा द इंटरनेशनल स्कूल' का शानदार उद्घाटन

किसी भी शैक्षणिक संस्थान का वास्तविक केंद्र विद्यार्थी ही होते हैं: डॉ. रीता रतन

डेली आवाज भारती



जीरकपुर/तरनप्रीत सिंह गिल : शिक्षा के क्षेत्र में एक नई और प्रेरणादायक पहल करते हुए रविवार को %कबीरा द इंटरनेशनल स्कूल% का शानदार उद्घाटन किया गया। स्कूल प्रबंधकों द्वारा वीआईपी संस्कृति से परे हटकर किसी राजनीतिक नेता या मुख्य अतिथि के बजाय एक नन्हे बच्चे मास्टर गुरवंश सिंह के हाथों उद्घाटन करवाया गया। गुरवंश सिंह जीरकपुर स्थित बचपन प्ले स्कूल का विद्यार्थी है। नन्हे मुख्य अतिथि ने रिबन काटकर स्कूल की औपचारिक शुरुआत की, जिसके बाद ज्ञान और शुभ आरंभ के प्रतीक स्वरूप दीप प्रज्वलन की रस्म अदा की गई। भट्टाचार्य एजुकेशनल ट्रस्ट के प्रबंध के तहत स्थापित इस स्कूल की संस्थापिका एवं डायरेक्टर-कम-प्रिंसिपल डॉ. रीता रतन हैं, जिनके पास शिक्षा क्षेत्र में 28 वर्षों का विशाल अनुभव है। इस अवसर पर डॉ. रीता रतन ने कहा कि किसी भी स्कूल का वास्तविक अस्तित्व विद्यार्थियों के कारण ही होता है। इसीलिए विद्यार्थी को मुख्य अतिथि बनाकर यह संदेश दिया गया है कि हर बच्चा प्यार, सम्मान और प्रोत्साहन का हकदार है। उन्होंने बताया कि स्कूल का मुख्य उद्देश्य हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण व किफायती शिक्षा देने के साथ-साथ उसमें नैतिक मूल्यों और आत्मविश्वास का विकास करना है। स्कूल में प्ले-वे से यूकेजी तक की कक्षाओं, डे-केयर सुविधा, इनडोर व आउटडोर खेलों और परिवहन (ट्रांसपोर्ट) की सुविधा उपलब्ध है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित इस स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए दाखिले शुरू कर दिए गए हैं।

निहाल सिंह वाला में वारिस पंजाब के चुनाव ऑफिस का उद्घाटन, भाई सरबजीत सिंह खालसा खास तौर पर पहुंचे

डेली आवाज भारती



निहाल सिंह वाला/राकेश कुमार सिंगला हिम्मतपुरा : मंडी निहाल सिंह वाला में बरनाला रोड पर सिंगला ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल के पास वारिस पंजाब से जुड़े उम्मीदवार स. बसंत सिंह दौलतपुरा के चुनाव ऑफिस का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर फरीदकोट लोकसभा सीट से सांसद भाई सरबजीत सिंह खालसा खास तौर पर पहुंचे। बसंत सिंह दौलतपुरा के पिता भाई सुरजीत सिंह दौलतपुरा भी इस मौके पर मौजूद थे। इस मौके पर भाई सरबजीत सिंह खालसा ने संगत को संबोधित करते हुए बसंत सिंह दौलतपुरा और दूसरे उम्मीदवारों को सपोर्ट करने की अपील की। अपने भाषण में उन्होंने भाई दीप सिद्धू की देश को जागरूक करने की कोशिशों का जक्रि किया और कहा कि उनके जाने के बाद भी युवाओं को देश को जागरूक करने की अपनी कोशिशें जारी रखनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि बसंत सिंह दौलतपुरा ने मुश्किल हालात के बावजूद हिम्मत नहीं हारी और देश के मुद्दों से जुड़े रहे। उन्होंने भाई अमृतपाल सिंह के सपोर्ट और उनसे जुड़े मुद्दों का जक्रि किया और संगत से अपने उम्मीदवारों के हक में आवाज़ उठाने की अपील की। भाई सरबजीत सिंह खालसा ने अपने भाषण में सरकारों की पॉलिसी और सिखों और पंजाब पर हो रहे कथित जुल्म पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि युवाओं और कैद सिखों की रिहाई का मुद्दा अहम है। उन्होंने संगत से अपील की कि वे डेमोक्रेटिक तरीके से अपने उम्मीदवारों का सपोर्ट करें, ताकि पंजाब के मुद्दों को मज़बूती से उठाया जा सके। अपने भाषण में उन्होंने अलग-अलग इलाकों से जुड़े उम्मीदवारों का जक्रि किया और संगत से अपील की कि वे अपने लेवल पर अपने रिश्तेदारों, जान-पहचान वालों और दूसरे लोगों तक यह बात पहुंचाएं। इस मौके पर बसंत सिंह दौलतपुरा के समर्थकों और संगत में उत्साह देखा गया। इस दौरान चुनाव ऑफिस के उद्घाटन को आने वाली चुनावी गतिविधियों के लिहाज से एक अहम मौके के तौर पर देखा गया।

क्रेडिट कार्ड अप्टेड करने का झांसा देकर व्यक्ति से 4 लाख रुपए ठगे

पुलिस ने पीड़ित के बयान पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ दर्ज किया धोखाधड़ी का मामला

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): फिरोजपुर शहर के अंतगर्त पड़ते विकास विहार क्षेत्र में साइबर ठगी का एक मामला सामने आया है, जहां ठगों ने क्रेडिट कार्ड के वेरिफिकेशन और उसे अपडेट करने के बहाने एक व्यक्ति से लाखों रुपये की ऑनलाइन ठगी की है। इस संबंध में थाना साइबर क्राइम फिरोजपुर में पुलिस ने पीड़ित के बयान पर अज्ञात ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता सिद्धार्थ चौहान पुत्र स्व.राज कुमार चौहान निवासी हाउस नंबर 75, फेस-01 विकास विहार फिरोजपुर सिटी ने बताया कि 10 जून 2026 को उन्हें एक अज्ञात नंबर से फोन आया था और फोन करने वाले व्यक्ति ने कहा कि उनका क्रेडिट कार्ड एक्सपायर हो गया है और नए क्रेडिट कार्ड को वेरिफाई करने के बारे में बातचीत की। सिद्धार्थ चौहान ने बताया कि वह उसके झांसे में आ गया और उसने अपने फोन पर आए ओटीपी उस अज्ञात व्यक्ति को बता दिए। सिद्धार्थ ने बताया कि ओटीपी शेयर करते ही उसका मोबाइल फोन हैक हो गया और ठगों ने उनके दो अलग-अलग क्रेडिट कार्ड आरबीएल बैंक और यैस बैंक में से कुल 4,28,511 रुपये की रकम ऑनलाइन ट्रांसफर करके ठग ली। इस घटना के बाद उनके द्वारा तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले की जांच कर रहे सहायक सब-इंस्पेक्टर जसबीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने शिकायतकर्ता सिद्धार्थ चौहान के बयानों पर अज्ञात ठगों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुरानी रंजिश के कारण व्यक्ति को हमला करके किया जख्मी

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना सदर फिरोजपुर के अंतगर्त पड़ते क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक व्यक्ति को जानलेवा हमला करके जख्मी किए जाने का मामला सामने आया है। उक्त मामलें में थाना सदर फिरोजपुर पुलिस ने 3 नामजद व्यक्तियों और 2 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मारपीट करने की विभिन्न धाराओं तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को दिए बयानों में शिकायतकर्ता साहिल पुत्र जीता निवासी गांव खलचियां कदीम ने बताया कि बीते दिन करीब 11 बजे जब वह सैर करके अपने घर वापिस आ रहा था और वाल्मीकि मंदिर के पास पहुंचा, तो वहां मौजूद महेंद्र पुत्र रहमत, कर्मवीर उर्फ माटू पुत्र महेंद्र, अमवीर पुत्र रूपा, रूपा पुत्र गुलामा निवासी गांव खिलचियां कदीम और दो अज्ञात व्यक्तियों ने आपसी मिलीभुगत कर और हथियारों से लैस होकर उस पर हमला कर दिया और उसे गंभीर रुप से जख्मी कर दिया था। पुलिस को शिकायत में बताया गया है कि इस हमले का मुख्य कारण पुरानी रंजिश है, क्योंकि घटना से दो-तीन दिन पहले पीड़ित की उक्त आरोपियों से बहसबाजी हुई थी। इसी रंजिश के तहत आरोपियों ने उसे घेरकर मारपीट की है। इस मामले की जांच कर रहे सहायक इंस्पैक्टर बलविंदर सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन का कार्य तेजी से चल रहा है, 31 दिसंबर तक यह बनाकर पूरा होने की उम्मीद है ?

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़/दीपांशु पांडे। रेल भूमि विकास प्राधिकरण (आरएलडीए) ने चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन के 462 करोड़ रुपये के पुनर्विकास को पूरा करने की समय सीमा को संशोधित करके 31 दिसंबर कर दिया है, जबकि चंडीगढ़ की तरफ अभी भी कई काम लंबित हैं। यह परियोजना पहले ही आठ बार निर्धारित समय सीमा चूक चुकी है। अधिकारी अब निर्माण कार्य को आगे बढ़ाने के लिए 36 दिनों के यातायात अवरोध का उपयोग कर रहे हैं और इस अवधि के दौरान शेष संरचनात्मक कार्यों का अधिकांश हिस्सा पूरा करने का लक्ष्य रख रहे हैं। चंडीगढ़ के जॉइंट जनरल मैनेजर (प्रोजेक्ट्स) ने कहा कि मौजूदा ब्लॉक के दौरान लगभग 90 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा होने की उम्मीद है, और बाकी काम साल के आखिर तक पूरा करने का लक्ष्य है। भीड़-भाड़ के समय यात्रियों की आवाजाही को संभालने के लिए हर प्लेटफ़ॉर्म पर लिफ़्ट और एस्केलेटर लगाने की भी योजना है। यह रीडेवलपमेंट इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (EPC) मॉडल के तहत 1,92,248 वर्ग मीटर इलाके में किया जा रहा है। चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर कार्य प्रगति के कारण कई प्लेटफार्म को बंद कर दिया गया है जिसके कारण कई ट्रेनें भी लेट आ रही है और यात्रियों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है क्या इस बार चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन तैयार है 31 दिसंबर तक बनने के लिए काफी सवाल उठ रहे हैं इसके क्या इस बार अहलूवालिया ठेकेदार अपने प्रोजेक्ट को समय से पूरा कर पाएंगे ।

गुरुद्वारा श्री अंगीठा साहिब में पवित्र सरोवर की कार सेवा में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा

गुरु घर की शिक्षाएं युवाओं को सेवा और समाज की भलाई से जोड़ने का मजबूत आधार: अमन अरोड़ा









डेली आवाज भारती

संगरूर/महिंदर सिंह: पंजाब के कैबिनेट मंत्री श्री अमन अरोड़ा ने गुरुद्वारा श्री अंगीठा साहिब में पवित्र सरोवर की कार सेवा के आरंभ अवसर पर माथा टेककर सेवा की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस पवित्र स्थान पर कार सेवा का हिस्सा बनना उनके और क्षेत्र की संगतों के लिए बड़े सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि संगत द्वारा श्रद्धा, विनम्रता और समर्पण के साथ की जा रही सेवा गुरु साहिबान द्वारा दिए गए निस्वार्थ सेवा के संदेश का सुंदर उदाहरण है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि गुरु घर मनुष्य को आध्यात्मिक शांति प्रदान करने के साथ-साथ मेहनत करने, मिल-बांटकर खाने और दूसरों की भलाई के लिए आगे आने की प्रेरणा देते हैं। कार सेवा की परंपरा आपसी मेल-जोल और सहयोग की भावना को मजबूत करती है, जहां हर व्यक्ति बिना किसी भेदभाव के सेवा में अपना योगदान देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास समाज में एकता, भाईचारे और सर्वजन के कल्याण की भावना को और मजबूत करते हैं। युवाओं की बड़ी भागीदारी का जिक्र करते हुए श्री अमन अरोड़ा ने कहा कि पंजाब के युवाओं में मेहनत, सेवा और समाज के लिए कुछ अच्छा करने की अपार क्षमता है। उन्होंने कहा कि नशे के संदर्भ में पूरी युवा पीढ़ी के बारे में नकारात्मक धारणा बनाना उचित नहीं है।

आज कार सेवा में युवाओं का उत्साह दर्शाता है कि सही मार्गदर्शन और सकारात्मक अवसर मिलने पर वे समाज की भलाई के लिए आगे बढ़कर अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं। उन्होंने कहा कि समाज को सही दिशा दिखाने वालों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है। गलत प्रभाव युवाओं को भटका सकते हैं, जबकि गुरु घर का संदेश उन्हें सेवा, अनुशासन और परोपकार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि गुरु घर की शिक्षाओं से जुड़कर और निस्वार्थ सेवा को जीवन का हिस्सा बनाकर युवा अपने जीवन के साथ-साथ समाज में भी सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि गुरुद्वारा श्री अंगीठा साहिब के साथ क्षेत्र के परिवारों की गहरी श्रद्धा और भावनात्मक जुड़ाव है। उन्होंने खुशी जताई कि सुबह तड़के से ही बड़ी संख्या में बुजुर्ग, युवा, बच्चे और महिलाएं पूरी श्रद्धा के साथ कार सेवा में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न पीढ़ियों का एक साथ सेवा करना बच्चों और युवाओं को सेवा की परंपरा से जोड़ने का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम है। श्री अमन अरोड़ा ने संगत के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि कार सेवा में हर श्रद्धालु का योगदान महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जब संगत किसी साझा उद्देश्य के लिए एकजुट होकर सेवा करती है, तो आपसी प्रेम, सम्मान और भाईचारा और मजबूत होता है। यही भावना समाज के अन्य कल्याणकारी कार्यों में भी लोगों को मिल-जुलकर योगदान देने के लिए प्रेरित करती है। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री ने कार सेवा में शामिल सभी संगतों और सेवादारों का धन्यवाद किया। उन्होंने अरदास की कि सच्चे पातशाह सभी को चढ़दी कला, अच्छे स्वास्थ्य और सेवा करने का बल प्रदान करें, सभी की मनोकामनाएं पूरी करें तथा समस्त मानवता पर अपनी मेहर बनाए रखें।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्त्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

page 6_Layout 1 11-10-2026 17:26 Page 1

मैरी मैया के नौ दिन बहार के...

मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की विधिवत पूजा-अर्चना





मां शैलपुत्री

नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाती हैं। इन्हें पर्वतराज हिमालय की पुत्री व शक्ति का प्रतीक माना जाता है।



मां चंद्रघंटा

तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा की जाती हैं। इनका स्वरूप शांति, साहस और पराक्रम का प्रतीक हैं।



मां स्कंदमाता

पांचवें दिन मां स्कंदमाता की पूजा की जाती हैं। ये मातृत्व, करूणा और सुरक्षा की देवी हैं।



मां ब्रह्मचारिणी

दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा की जाती हैं। ये तप, संयम और संकल्प की देवी हैं।



मां कूष्मांडा

चौथे दिन मां कूष्मांडा की पूजा की जाती हैं। इन्हें सृष्टि की रचयिता और ऊर्जा का स्रोत माना जाता हैं।



मां सिद्धिदात्री

नवमें दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा की जाती हैं। ये सिद्धि, ज्ञान और मोक्ष की देवी हैं।



मां कात्यायनी

छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा की जाती हैं। इन्हें साहस, शक्ति और विजय की देवी माना जाता है।



मां कालरात्रि

सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा की जाती हैं। ये सभी संकटों का नाश करने वाली देवी हैं।



मां महागौरी

आठवें दिन मां महागौरी की पूजा की जाती हैं। ये पवित्रता, प्रेम और शांति की देवी हैं।

नवरात्रि का महत्व

शारदीय नवरात्रि भक्ति, शक्ति और आस्था का पर्व हैं। इस दौरान मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधिवत पूजा-अर्चना की जाती हैं। मान्यता हैं कि इन नौ दिनों में सच्चे मन से की गई पूजा से जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता हैं। यह पर्व हमें अच्छाई की राह पर चलने और नकारात्मकता पर विजय पाने की प्रेरणा देता हैं।

पूजा विधि

नवरात्रि के दौरान घटस्थापना, कलश स्थापना, मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधिवत पूजा, हवन, आरती और कन्या पूजन का विशेष महत्व हैं। भक्त उपवास रखते हैं, भक्ति गीतों और जप-तप के माध्यम से मां को प्रसन्न करते हैं। मंदिरों में विशेष सजावट की जाती है और घर-घर में मां दुर्गा के जयकारे गूंजते हैं।

॥ जय माता दीं ॥

घटस्थापना मुहूर्त

प्रातःकाल:

सुबह 6:19 से 10:12 बजे तक

अभिजित मुहूर्त:

सुबह 11:44 से दोपहर 12:31 बजे तक


नवरात्रि के संदेश

- शक्ति की उपासना करें।
- अपने भीतर की नकारात्मकता को दूर करें।
- प्रेम, करूणा और सद्भाव फैलाएं।
- मॉ दुर्गा की कृपा से जीवन में सुख-समृद्धि और सफलता प्राप्त करें।

जय माँ दुर्गा

page 7_Layout 1 11-10-2026 19:44 Page 1

गंतव्य स्थल से आगे का पर्यटन: भारत की अगली बड़ी छलांग साझेदारी पर क्यों आधारित होनी चाहिए



श्रीगजेंद्र सिंह शेखावत

भारत में गंतव्य स्थलों की कभी कोई कमी नहीं रही है। कमी अगर रही है, तो बस उस संस्थागत परिकल्पना की, जिसके जरिये दुनिया इन स्थलों को जानने में सक्षम हो सके, वहाँ पहुँच सके, उन्हें अनुभव कर सके और सबसे ज़रूरी बात—वहाँ बार-बार जा सके।

हमारी सांस्कृतिक विरासत बेमिसाल है- यहाँ सब कुछ है - प्राचीन शहर और जीवंत परंपराएँ, पवित्र परिदृश्य और वन्यजीव, वास्तुकला और शिल्प, खान-पान और त्योहार, पहाड़ और समुद्र तट, आदि। लेकिन सिर्फ़ विरासत से ही पर्यटन नहीं बनता। कोई स्मारक अपने-आप में गंतव्य स्थल नहीं होता; एक गंतव्य स्थल असल में एक पूरा इकोसिस्टम होता है। इसमें शामिल हैं—वहाँ तक ले जाने वाली सड़क, यात्रा से जुड़ी कहानी, यात्रियों का स्वागत करने वाला आतिथ्य, उसे असली पहचान देने वाले कारीगर, उसे खोजने में मदद करने वाली तकनीक और वह समुदाय जिसकी भागीदारी यह तय करती है कि पर्यटन एक आर्थिक अवसर बनेगा या बस एक अनुचित प्रवेश रह जाएगा। इसीलिए भारतीय पर्यटन के अगले अध्याय को सिर्फ़ पर्यटन स्थलों के नज़रिए से नहीं, बल्कि साझेदारी के नज़रिए से भी तय किया जाना चाहिए।

पर्यटन का पुरानी संरचना काफ़ी हद तक ऊपर से नीचे की ओर श्रेणीबद्ध थी। सरकारें अवसंरचना बनाती थीं, गंतव्य स्थलों को ब ावा दिया जाता था, उद्योग जगत पर्यटकों के आने-जाने और ठहरने की व्यवस्था करता था और समुदाय काफ़ी हद तक हाशिए पर रहते थे। नयी संरचना सबकी बराबर भागीदारी वाली होनी चाहिए। सरकार, उद्योग जगत, प्रौद्योगिकी कंपनियां, रचनाकार, निवेशक, राज्य, स्थानीय निकाय और समुदायों को मिलकर पर्यटन के अनुभव का निर्माण करना चाहिए।

यह फ़र्क सिर्फ़ शब्दों का नहीं है। यह विकास को समझने के हमारे नज़रिए में एक बुनियादी बदलाव को दिखाता है।

आज पर्यटन का मतलब सिर्फ़ लोगों का एक जगह से दूसरी जगह जाना नहीं है। यह विचारों, कहानियों, उम्मीदों, पूंजी और सांस्कृतिक प्रभाव का आवागमन है। यात्री अब सिर्फ़ भारत को देखना नहीं चाहते, बल्कि उसे अनुभव करना चाहते हैं — लोग खान-पान का स्वाद लेना, परंपराओं को समझना, घरों में जाना, कारीगरों से मिलना और यहाँ की जीवंत संस्कृति में, चाहे थोड़ी देर के लिए ही सही, भाग लेना चाहते हैं।

यह बदलाव भारत के लिए एक शानदार अवसर लेकर आया है।

लेकिन बिना तालमेल के अवसर का लाभ शायद ही मिल पाता है।

इसलिए सरकार की भूमिका महत्वपूर्ण है, भले ही यह बदलती रहती हो। इसकी ज़िम्मेदारी सब कुछ खुद करने की नहीं है; बल्कि ज्यादा चीज़ों को संभव बनाने की है। सड़कों, हवाईअड्डों, रेलवे, स्वच्छता,डिजिटल अवसंरचना, विरासत संरक्षण और नागरिक सुविधाओं में सरकारी निवेश वह आधार तैयार करता है, जिस पर निजी क्षेत्र नवाचार और निवेश कर सकता है। राजनीतिक इच्छाशक्ति निरंतरता और दिशा देती है। उद्योग जगत पूंजी, प्रबंधन विशेषज्ञता, तकनीक और बाज़ार तक पहुंच में योगदान देता है। समुदाय वह चीज़ देते हैं, जिसे कोई सरकार या निगम नहीं बना सकता- प्रामाणिकता।

असली चुनौती इन क्षमताओं को एक साथ लाने की है।

उद्योग जगत के साथ पर्यटन मंत्रालय का बढ़ता जुड़ाव इसी दिशा में एक प्रयास है। ग्यारह रणनीतिक समझौता ज्ञापनों को अंतिम रूप दिया गया है, जिनमें से पांच का विश्व पर्यटन दिवस 2026 को आदान-प्रदान हुआ है। उनका महत्व केवल दस्तावेजों को लेकर नहीं है, बल्कि उन क्षमताओं में है, जिन्हें वे जो ना चाहते हैं - प्रौद्योगिकी, आवागमन, आतिथ्य, कंटेंट, डिजिटल आउटरीच और स्थानीय उद्यम।

गंतव्य स्थल की खोज करने के बदलते अर्थशास्त्र पर विचार करें।

एक पीढ़ी पहले, किसी यात्री को यात्रा गाइड या विज्ञापन के माध्यम से भारत की जानकारी मिलती होगी। आज, एक गंतव्य स्थल एक फिल्म, एक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म, एक रचनाकार की कहानी या मोबाइल फोन में सामने आई एक छवि के माध्यम से वैश्विक परिकल्पना में प्रवेश कर सकता है।

नेटफ्लिक्स के साथ सहयोग गंतव्य प्रचार की इस नई व्यवस्था को प्रदर्शित करता है, जो भारत की संस्कृति, वन्य जीवन और पहाड़ी परिदृश्यों को अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के सामने दिखाती है। आईटीबी बर्लिन 2026 में प्रदर्शित भारत के स्वाद और लंदन व न्यूयॉर्क में प्रचार अभियान यह दर्शाते हैं कि कैसे पर्यटन का भूगोल; कहानी कहने के भूगोल से पहले ही महत्वपूर्ण हो जाता है।

लेकिन कहानी सुनाने से अंततः यात्रा करने का कारण अवश्य मिलना चाहिए।

यहीं पर अगली पीढ़ी की साझेदारी महत्वपूर्ण हो जाती है। मास्टरकार्ड के साथ विकसित परियोजना वाराणसी बहुमूल्य, विज्ञापन से परे एक ऐसे अनुभव की ओर बढ़ता है, जिसे वास्तव में खोजा और आरक्षित किया जा सकता है- सूर्योदय के समय गंगा, शास्त्रीय संगीत, साहित्य पर बातचीत, बनारसी बुनकर समुदाय और विरासत स्थल। इस तरह की पहल का महत्व यह है कि वाराणसी को फोटो खिंचवाने वाले स्मारक के रूप में नहीं, बल्कि अनुभव की जाने वाली सभ्यता के रूप में प्रस्तुत किया जाता है।

इस अंतर की जानकारी हमारी संपूर्ण पर्यटन रणनीति को दी जानी चाहिए।

भारत को आकर्षण बेचने के बदले अनुभव संग्रहित करने की ओर बढ़ना चाहिए।

हवाई संपर्क भी इस व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। एलायंस एयर, एयर इंडिया और इंडिगो के साथ साझेदारी अतुल्य भारत को यात्री इकोसिस्टम में विस्तार देती है, जिससे उड़ानों, डिजिटल प्लेटफार्मों और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में गंतव्य को बढ़ावा मिलता है।

प्रौद्योगिकी एक और आयाम जोड़ती है: बुद्धिमत्ता।

भविष्य की पर्यटन प्रणाली को तेजी से समझना होगा कि कौन यात्रा कर रहा है, यात्री क्या चाहते हैं, मांग कहां उभर रही है और प्राथमिकताएं कैसे बदल रही हैं। गूगल इंडिया के साथ सहयोग, जिसमें क्षमता निर्माण और वैश्विक यात्रा मांग व यात्री व्यवहार को समझने से जु ` कार्य शामिल है, एक पर्यटन नीति की ओर इशारा करता है, जो उत्तरोत्तर अधिक साक्ष्य-आधारित बन सकती है।

फिर भी सबसे परिणामी परिवर्तन पारंपरिक पर्यटन केंद्रों से बहुत दूर हो सकता है।

यदि पर्यटन को वास्तव में समावेशी बनाना है, तो गाँव को पर्यटन नीति के लिए उतना ही महत्वपूर्ण बनाना होगा जितना कि महानगरीय प्रवेश द्वार। होमस्टे, होटल जैसा ही महत्वपूर्ण हो सकता है। कारीगर उतना ही महत्वपूर्ण हो सकता है जितना आकर्षण। स्थानीय उद्यमी बड़े संचालकों के समान ही महत्वपूर्ण बन सकते हैं।

एयरबीएनबी, सोल ऑफ इंडिया और मेकमाईट्रिप की साझेदारियां अवसर के इसी लोकतंत्रीकरण की दिशा में प्रयास कर रही हैं - होमस्टे मेजबानों को डिजिटल क्षमताओं से लैस करना, कम-ज्ञात गंतव्यों को अधिक दृश्यता देना, अनजान गांवों को रचनाकारों और आरक्षण योग्य रहने की जगहों से जोड़ना। इसके पीछे एक गहरी सोच है- जब कोई स्थल किसी यात्री की कल्पना में बसता है, तो उससे पैदा होने वाले आर्थिक मौके उन लोगों की ज़िंदगी में भी आने चाहिए, जो उस स्थल को पहचान देते हैं।

यही पर्यटन से होने वाले विकास की असली कसौटी है।

सिर्फ़ आने वाले पर्यटकों की संख्या ही सफलता का पैमाना नहीं हो सकती। हमें एक और ज़रूरी सवाल पूछना चाहिए- जब कोई स्थल सफल होता है, तो फ़ायदा किसे होता है?

क्या कारीगर ज्यादा कमाता है? क्या युवा को स्थानीय स्तर पर कोई अवसर मिलता है? क्या महिला उद्यमी को बाज़ार मिलता है? क्या समुदाय को अपनी सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत को बचाने का प्रोत्साहन मिलता है? क्या यात्री सिर्फ़ एक फ़ोटो लेकर नहीं, बल्कि गहरी समझ लेकर वापस जाता है?

अगर इन सवालों का जवाब %हाँ% में है, तो पर्यटन सिर्फ़ एक उद्योग नहीं रह जाता। यह सांस्कृतिक आत्मविश्वास और सबके लिए आर्थिक विकास का ज़रिया बन जाता है। इस मामले में भारत की कम जानी-पहचानी जगहें एक बहुत बड़ा मौका देती हैं। तकनीक उन्हें युवा दर्शकों तक पहुँचा सकती है; आवाजाही की सुविधा से वहाँ पहुंचना आसान हो सकता है; निजी निवेश उचित अवसंरचना बना सकता है; और समुदाय की भागीदारी यह सुनिश्चित कर सकती है कि विकास पहचान की कीमत पर न होता हो। हिमालय में समुदाय के नेतृत्व वाले विरासत पर्यटन को बढ़ावा देने वाली पहल - जिसमें मौखिक परंपराओं, शिल्प और स्थानीय ज्ञान का दस्तावेज़ीकरण शामिल है - यह दिखाती हैं कि पर्यटन कैसे संरक्षण का दुश्मन नहीं, बल्कि साथी बन सकता है।

लेकिन साझेदारी का मतलब सिर्फ़ समझौते पर दस्तख़त करने वाली सरकारी शब्दावली नहीं होनी चाहिए। समझौता ज्ञापन तो बस एक शुरुआत है। असली साझेदारी तब शुरू होती है जब समझौते से कोई उत्पाद बनता है, जब किसी अभियान से यात्री आते हैं, जब यात्री से स्थानीय आय होती हैऔर जब उस आय से उस जगह पर समुदाय का मालिकाना हक़ और मज़बूत होता है। इसलिए उद्योग संघ और पर्यटन व्यापार बहुत ज़रूरी हैं। बाज़ार, यात्रियों, यात्रा-कार्यक्रमों और वितरण के बारे में उनकी जानकारी आकांक्षाओं को वास्तविक यात्राओं में बदल सकती है। वहीं, राज्य और स्थानीय संस्थाएँ ज़मीनी स्तर पर अनुभव की गुणवत्ता तय करती हैं। भारतीय पर्यटन का भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि हम सरकार और उद्योग जगत, केंद्र और राज्यों, तकनीक और परंपरा, वैश्विक प्लेटफ़ॉर्म और स्थानीय समुदायों के बीच की पुरानी संस्थागत सीमाओं को कितना खत्म कर पाते हैं।

वाराणसी इस संभावना की एक झलक दिखाती है- कहानी सुनाना, संगीत, विरासत, बुनाई, आतिथ्य और तकनीक - ये सब एक ही जगह पर संयोजित हो रहे हैं।

इससे मिलने वाला बड़ा सबक स्पष्ट है।

भारत को सिर्फ़ और पर्यटकों की ज़रूरत नहीं है। इसे एक मज़बूत पर्यटन समाज की ज़रूरत है।

एक ऐसा समाज, जहाँ नागरिक पर्यटन को किसी अन्य का उद्योग नहीं, बल्कि एक ऐसा मौका मानते हैं जिसमें उनकी भी हिस्सेदारी है। एक ऐसा समाज, जहाँ सरकारी निवेश से आधार बनता है, निजी निवेश संभावनाओं को कई गुना ब ता है और समुदाय की भागीदारी से विकास को मान्यता मिलती है। इसलिए, भविष्य का पर्यटन स्थल केवल नक्शे पर चिह्नित कोई जगह नहीं होगी। यह रिश्तों का एक नेटवर्क होगा। और भारत की प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त शायद सिर्फ़ इस बात में नहीं है कि हमारे पास क्या भव्य स्थल हैं, बल्कि इस क्षमता में है कि हम उन अनेक लोगों और संस्थाओं को एक साथ ला सकें, जो हमारी विरासत को दुनिया के लिए एक मूल्यवान अनुभव में बदल सकें। अब हमारे सामने यह सवाल नहीं है कि क्या भारत के पास यात्रियों को देने के लिए पर्याप्त चीज़ें हैं। निश्चित रूप से हैं।

सवाल यह है कि क्या हम ऐसी साझेदारियाँ बना सकते हैं जिनसे यह सुनिश्चित हो सके कि भारत की हर यात्रा उसकी सभ्यता की यात्रा बन जाए — और उस यात्रा से होने वाली समृद्धि उन लोगों तक पहुँचे जो उस सभ्यता को जीवित रखे हुए हैं।

(लेखक केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री हैं)

सीजेपी प्रदर्शन : अवमानना मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को जारी किया नोटिस, दो दिन में मांगा जवाब

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 9 अक्टूबर के आदेश के उल्लंघन के आरोप में अवमानना की कार्यवाही के तहत दिल्ली के अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। रविवार को हुई एक विशेष सुनवाई में जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच ने मेट्रो स्टेशनों को बंद करने के मामले में सरकारी अधिकारियों से जवाब मांगा। अधिकारियों को मंगलवार, 13 अक्टूबर तक अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करनी होगी, जिसमें मेट्रो पाबंदियों और रेलवे एडवाइजरी का विवरण शामिल हो। कोर्ट ने अधिकारियों से कहा कि %कॉकरोच जनता पार्टी% (सीजेपी) के विरोध प्रदर्शनों के दौरान 10 अक्टूबर को मेट्रो स्टेशन बंद करने के लिए उनके खिलाफ कोर्ट की अवमानना की कार्रवाई क्यों न की जाए। बता दें कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार और एसआईआर के खिलाफ जंतर-मंतर पर हो रहे विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए 10 अक्टूबर को कुल 45 मेट्रो स्टेशन बंद कर दिए गए थे, जिनमें से अधिकतर सेंट्रल दिल्ली और उसके आस-पास थे। मेट्रो स्टेशन बंद करने और सीजेपी के मुख्य नेताओं व विपक्ष के सदस्यों को हिरासत में लेने के कारण सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दायर की गईं। कोर्ट के सामने मुख्य मामला वकील शैलेंद्र मणि त्रिपाठी की ओर से केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, दिल्ली पुलिस कमिश्नर अनुराग कुमार और दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की चेयरपर्सन डी. थारा के खिलाफ दायर अवमानना याचिका का था। याचिका में आरोप लगाया गया कि सुप्रीम कोर्ट के 9 अक्टूबर के इस निर्देश के बावजूद कि विरोध प्रदर्शनों से पहले सार्वजनिक परिवहन पूरी तरह बंद नहीं होना चाहिए, रविवार को दिल्ली मेट्रो स्टेशन बंद रहे।

सीजेपी प्रदर्शन रोकना लोकतंत्र का काला दिन

सौरभ भारद्वाज बोले-बदलाव नहीं रोक पाएगी भाजपा

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। दिल्ली में सीजेपी के विरोध प्रदर्शन को लेकर आम आदमी पार्टी ने पुलिस और केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आम आदमी पार्टी दिल्ली के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि पुलिस ने सरकार के निर्देश पर प्रदर्शनकारियों के खिलाफ बेरहमी से कार्रवाई की। आप नेता गोपाल राय ने प्रदर्शन पर रोक लगाने, मेट्रो और रेल सेवाएं प्रभावित होने तथा भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती को देश के लोकतांत्रिक इतिहास का काला दिन बताया। सीजेपी के विरोध प्रदर्शन को लेकर आम आदमी पार्टी दिल्ली के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि पुलिस ने प्रदर्शन के दौरान उनके पार्टी कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया, घसीटा और थानों में ले गई। कई लोगों को दो दिनों से हिरासत में रखा गया है। भारद्वाज ने आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस दक्षिणपंथी तत्वों को बचा रही है। यदि पुलिस ऐसे लोगों को संरक्षण दे रही है तो इसका असर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि पर भी पड़ सकता है। सौरभ भारद्वाज ने कांग्रेस की भूमिका पर कहा कि पार्टी को क्या करना चाहिए और क्या नहीं, यह उसका अपना निर्णय है. हालांकि उन्होंने कहा कि जब भी युवा सीजेपी, वामपंथी छात्र संगठनों या आम आदमी पार्टी के छात्र संगठन के आह्वान पर विरोध प्रदर्शन करते हैं तो विभिन्न विपक्षी दलों के नेता और कार्यकर्ता इसमें शामिल होते हैं। उन्होंने इसे जनता का आंदोलन बताते हुए कहा कि प्रदर्शन को व्यापक समर्थन मिल रहा है। भारी पुलिस तैनाती, रेल और मेट्रो सेवाओं पर पाबंदियों, सीमाओं को सील करने तथा इंटरनेट सेवाएं रोकने के बावजूद करीब 7,000 युवा गिरफ्तारी देने के लिए तैयार थे। उन्होंने इसे देश में बदलाव का संकेत बताया और कहा कि भाजपा इस बदलाव को रोक नहीं पाएगी।

प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार ने चंडीगढ़ में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (एस एंड टी) क्लस्टरों के चौथे सम्मेलन की अध्यक्षता की, मजबूत सहयोग और प्रौद्योगिकी के उपयोग का आह्वान किया

सहतिः कार्यसाधिकाः एस एंड टी क्लस्टरों के सम् मेलन ने नवाचार को बढ़ावा देने में सहयोग की शक्ति शक्ति को पुनः रेखांकित किया









डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय कुमार सूद ने 9ङ्क10 अक्टूबर, 2026 को पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ में आयोजित विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (एस एंड टी) क्लस्टरों के चौथे सम्- मेलन की अध्यक्षता की। इस सम्- मेलन की मेजबानी पीयूङ्कआईआईटी रोपड़ रीजनल एक्सेलरेटर फॉर होलिस्टिक इनोवेशंस फाउंडेशन (पीआई-राही) ने की। इस अवसर पर डॉ. (श्रीमती) परविंदर मैनी, वैज्ञानिक सचिव तथा प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय के वैज्ञानिक-एफ, डॉ. विशाल चौधरी, पंजाब विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मीनाक्षी गोयल; आईआईटी रोपड़ के निदेशक प्रो. राजीव आहूजा; आईआईटी जोधपुर के निदेशक प्रो. अविनाश कुमार अग्रवाल; प्रो. रजत संधीर; पीआई-राही के निदेशक डॉ. पुष्पेंद्र पी. सिंह तथा आठों विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्लस्टरों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। प्रो. सूद ने अपने उद्घाटन भाषण में इस बात का उल्लेख किया कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्लस्टर अब ऐसे एकीकृत इकोसिस्- टम के रूप में विकसित हो चुके हैं, जो क्षेत्रीय, औद्योगिक और सामाजिक चुनौतियों का समाधान कर रहे हैं तथा तेजी से ÷राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी त्वरक÷ के रूप में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने क्लस्टरों के बीच परस्पर सहयोग को सुदृढ़ करने, हितधारकों की भागीदारी बढ़ाने, रूटैग (ऋङ्घञ्च) और आरएसवीसी के साथ समन्वय स्थापित करने तथा प्रौद्योगिकियों की दृश्यता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने क्लस्टरों की बढ़ती वैश्विक सहभागिता को भी रेखांकित किया। इसमें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्लस्टरों पर आयोजित प्रथम अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में हुए 12 अंतरराष्ट्रीय समझौता ज्ञापनों पर हस्- ताक्षर तथा इसके बाद यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया, इंडियाङ्कऑस्ट्रेलिया स्मार्ट फार्म नेटवर्क और यूके कैटापल्ट नेटवर्क के साथ स्थापित साझेदारियाँ शामिल हैं।

उद्घाटन सत्र के दौरान, प्रो. सूद ने एक स्वचालित मौसम केंद्र का शुभारंभ किया और जलवायु-अनुकूल एवं आँकड़ा-आधारित कृषि को सुदृढ़ बनाने में प्रौद्योगिकी-सक्षम समाधानों की भूमिका को रेखांकित किया। सम्- मेलन में सतत गतिशीलता और स्वच्छ प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में क्लस्टरों की प्रमुख संयुक्त पहलों को भी प्रदर्शित किया गया, जिनमें हिमाचल प्रदेश में ईवी चार्जिंग स्टेशन तथा पंचकूला में ईवीचार्जेक्स बैटरी स्वैपिंग स्टेशन का उद्घाटन शामिल रहा। हिमाचल प्रदेश की इस पहल में चार्जिंग अवसंरचना, इलेक्ट्रिक वाहन उपयोगकर्ताओं और डिजिटल सेवाओं को एकीकृत किया गया है। यह पहल इलेक्ट्रिक गतिशीलता की दिशा में राज्य के संक्रमण को गति देने के लिए डीआरआईआईवी और पीआई-राही के बीच सहयोग पर आधारित है। पंचकूला स्थित सुविधा स्वदेशी बैटरी स्वैपिंग प्रौद्योगिकी के प्रायोगिक चरण से व्यावसायिक कार्यान्वयन तक पहुँचने को दर्शाती है, जिसमें ईवी, बैटरियाँ, राइडर ऑनबोर्डिंग एवं डिजिटल प्रबंधन को एक साझा मंच पर एकीकृत किया गया है। प्रो. सूद ने फाइकोट्रीङ्कमाइक्रोएल्गल फोटोबायोरिएक्टर पर आधारित रिपोर्ट का भी विमोचन किया, जो स्वदेशी प्रौद्योगिकी की पहचान से लेकर उसके क्षेत्रीय सत्यापन और संभावित कार्यान्वयन तक की प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए डीआरआईआईवी के प्रयासों को रेखांकित करती है। इस दिशा में नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इसके अनुप्रयोगों की संभावनाओं के लिए जीएमआर के साथ सहभागिता भी शामिल है। इस अवसर पर पीआई-राही के लिए 'कलानुभव' पोर्टल का शुभारंभ किया गया, जिसमें पंजाब तथा जम्मू-कश्मीर के शिल्पकारों की पारंपरिक कलाओं और उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है। इसके साथ ही, उत्तर भारत के शिल्पकारों के कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी, स्पार्क्स 2.0 , इग्नाइट 2.0, गिनी 2.0, उत्तर भारत के एसटीआई



इकोसिस्- टम पर आधारित रिपोर्टों तथा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर समारोह का भी आयोजन किया गया। सम्- मेलन के दौरान स्वास्थ्य सेवा, उभरती प्रौद्योगिकियों और नेट ज़ीरो प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों में यूके कैटापल्ट नेटवर्क तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्लस्टरों के बीच सहयोग की घोषणा भी की गई, जिससे प्रौद्योगिकी विकास और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के नए अवसरों को बल मिलेगा। वैज्ञानिक सचिव डॉ. मैनी ने प्रौद्योगिकियों, अवसंरचना, विशेषज्ञता और उद्योग जगत के साथ साझेदारियों को साझा करने के माध्यम से सुदृढ़ एवं परस्पर संबद्ध राष्ट्रीय क्लस्टर नेटवर्क विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने डी-पीओसी, कलानुभव और आई-पासपोर्ट जैसी पहलों के माध्यम से क्लस्टरों के बीच सफल समाधानों के पुनरावर्तन को रेखांकित किया तथा अनुसंधान एवं विकास से लेकर सत्यापन, व्यावसायीकरण और व्यापक स्तर पर कार्यान्वयन तक की पूरी प्रक्रिया में उद्योग जगत की भागीदारी को और सुदृढ़ करने का आह्वान किया। उन्होंने क्लस्टरों से पुनरावर्तन, सहयोग और विस्तार पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया, ताकि क्षेत्रीय स्तर पर सफल समाधानों को व्यापक राष्ट्रीय एवं वैश्विक कार्यक्रमों में रूपांतरित किया जा सके। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्लस्टरों को सुदृढ़ बनाने के विषय पर चंडीगढ़ में एक समर्पित हितधारक सम्- मेलन का भी आयोजन किया गया, जिसमें उद्योग जगत के भागीदारों, सीएसआर भागीदारों, शैक्षणिक संस्थानों तथा सरकारी प्रतिनिधियों ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्लस्टरों के नेतृत्व के साथ संवाद किया। इस संवाद के माध्यम से हितधारकों की व्यापक भागीदारी पर चर्चा करने तथा प्रौद्योगिकी विकास, सत्यापन और कार्यान्वयन के लिए साझेदारियों को और सुदृढ़ बनाने का अवसर प्राप्त हुआ। दूसरे दिन, प्रो. सूद ने चंडीगढ़ स्थित पंजाब विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र में डिजिटल पोडियाट्रिक क्लिनिक का उद्घाटन किया। इस क्लिनिक की स्थापना पीआई-राही द्वारा एचएल क्लेमोव के सीएसआर के अंतर्गत प्राप्त सहयोग से की गई है। इसे उत्तर भारत का पहला डिजिटल पोडियाट्रिक क्लिनिक बताया गया है। इस क्लिनिक में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित पैरों की जाँच की तकनीक का उपयोग किया जाता है, जिससे मधुमेह से संबंधित पैरों की समस्याओं का शीघ्र पता लगाने और उनकी रोकथाम हेतु देखभाल सुनिश्चित करने में सहायता मिलती है। इस पहल के माध्यम से उन्नत चिकित्सा प्रौद्योगिकी को सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं के अधिक निकट लाया गया है। उद्घाटन के पश्चात प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने भी इस सुविधा का दौरा किया। प्रो. सूद ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्लस्टरों पर द्वितीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की घोषणा भी की, जो क्लस्टर पहल के अंतरराष्ट्रीय विस्तार के अगले चरण का प्रतीक है। इस घोषणा के पश्चात क्लस्टरों की वर्तमान गतिविधियों एवं भावी योजनाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया तथा अध्यक्ष की अगुवाई में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। दो दिवसीय सम्- मेलन में आठों विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्लस्टरों की प्रगति की समीक्षा करने, उनकी वर्तमान पहलों का आकलन करने तथा उनकी मौजूदा गतिविधियों एवं भावी योजनाओं पर चर्चा करने के लिए एक मंच प्रदान किया गया। इस दौरान प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण, क्लस्टरों के बीच परस्पर सहयोग, उद्योग जगत की सहभागिता तथा क्षेत्रीय नवाचार इकोसिस्- टम को सुदृढ़ बनाने पर विशेष बल दिया गया। दोनों दिनों के दौरान क्लस्टरों द्वारा प्रस्तुतियाँ दी गईं तथा उन पर आगे विचार-विमर्श किया गया। इनमें पुणे नॉलेज क्लस्टर फाउंडेशन (पीकेसीएफ), जोधपुर सिटी नॉलेज एंड इनोवेशन फाउंडेशन (जेसीकेआईएफ), भुवनेश्वर सिटी नॉलेज एंड इनोवेशन क्लस्टर (बीसीकेआईसी), दिल्ली रिसर्च इम्प्लीमेंटेशन एंड इनोवेशन (डीआरआईआईवी), एएमटीजेडङ्कविशाखापत्तनम क्लस्टर (एएमटीजेड-विजाग क्लस्टर), बेंगलुरु साइंस एंड टेक्नोलॉजी क्लस्टर (बीईएसटी), रिसर्च एंड इनोवेशन सर्कल ऑफ हैदराबाद (आरआई सी एच) तथा पीआई- राही शामिल थे। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्लस्टरों के चौथे सम्- मेलन में आठों क्लस्टरों के बीच सहयोग को सुदृढ़ बनाने तथा उद्योग जगत, शिक्षाविदों, सरकार और अन्य हितधारकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के महत्त्व को पुनः रेखांकित किया गया। विचार-विमर्श के दौरान क्लस्टरों के नेतृत्व में संचालित पहलों को आगे बढ़ाने, प्रौद्योगिकियों के कार्यान्वयन को प्रोत्साहित करने तथा विभिन्न क्षेत्रों में सफल समाधानों के पुनरावर्तन और व्यापक स्तर पर विस्तार के अधिक अवसर सृजित करने पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रधानमंत्री की विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार सलाहकार परिषद (पीएम-एसटीआईएसी) की सिफारिशों के पश्चात वर्ष 2020 में परिकल्पित, ओपीएसए का विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्लस्टर कार्यक्रम, विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के माध्यम से क्षेत्रीय चुनौतियों का समाधान करने के उद्देश्य से शिक्षाविदों, अनुसंधान संस्थानों, उद्योग जगत, स्टार्टअप्स, सरकार तथा अन्य हितधारकों को एक मंच पर लाता है। पिछले कुछ वर्षों में ये क्लस्टर क्षेत्रीय नवाचार इकोसिस्- ट के रूप में विकसित हुए हैं, जो अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी को ऐसे व्यावहारिक समाधानों में रूपांतरित करने पर केंद्रित हैं, जिनका सामाजिक एवं आर्थिक प्रभाव हो।

page 8_Layout 1 11-10-2026 20:57 Page 1

नयागांव: मीटर बॉक्स में लगी भीषण आग, स्थानीय लोगों की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

● आतिशबाजी की तरह निकलती रहीं चिंगारियां ● लोगों की मुस्तैदी से टली बड़ी अनहोनी

डेली आवाज भारती

नयागांव (पंजाब): (हरतेज सिंह तेजी) आदर्श नगर स्थित जनता कॉलोनी रोड पर शरद हेयर ड्रेसर के पास लगे बिजली मीटर बॉक्स में गुरुवार देर रात अचानक भीषण आग लग गई। मीटर बॉक्स में लगभग 20 बिजली के मीटर लगे हुए थे। आग लगने की मुख्य वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग इतनी भीषण थी कि मीटर बॉक्स से तेज लपटें और चिंगारियां निकलने लगीं, जिसे देखकर ऐसा लग रहा था मानो आतिशबाजी हो रही हो। अचानक हुए इस हादसे से आसपास के निवासी भयभीत हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पार्षद ताराबाई और अन्य नागरिक मौके पर पहुंचे तथा तुरंत बिजली विभाग को मामले की जानकारी दी। बिजली विभाग की टीम के पहुंचने से पहले स्थानीय लोगों ने मिसाल पेश करते हुए सूझबूझ दिखाई। लोगों ने बिना समय गंवाए सबसे पहले अपने-अपने घरों की मेन बिजली सप्लाई बंद की। इसके बाद हिम्मत दिखाते हुए मीटर बॉक्स पर रेत और मिट्टी डालकर आग पर काबू पाया, जिससे आग आसपास के मकानों तक फैलने से रुक गई और एक बड़ा हादसा होने से टल गया।





अस्थायी व्यवस्था कर बहाल की गई बिजली

सूचना मिलने पर बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रभावित मीटर बॉक्स से तारों को अलग किया। इसके बाद विभाग की ओर से अस्थायी व्यवस्था करके निवासियों के लिए बिजली आपूर्ति बहाल की गई। बिजली सेवा शुरू होने के बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली।

चंडीगढ़-अंबाला हाईवे पर स्थित प्रीत कॉलोनी में शराब के ठेके के खिलाफ लोगों का रोष

■ **पुलिस पोस्ट के पास होने के बावजूद गलियों में खुलेआम शराब पीने और हुड़दंग से लोग परेशान**

डेली आवाज भारती



जीरकपुर/तरनप्रीत सिंह गिल : चंडीगढ़-अंबाला हाईवे पर स्थित प्रीत कॉलोनी में शराब के ठेके को लेकर स्थानीय लोगों का गुस्सा लगातार बढ़ता जा रहा है। कॉलोनीवासियों का आरोप है कि ठेके से शराब खरीदकर लोग गलियों में ही खुलेआम बैठकर शराब पीते हैं, जिससे यहां से निकलना भी मुश्किल हो गया है। खासकर महिलाओं और बच्चों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि यहां सिर्फ शराब का सेवन ही नहीं, बल्कि अन्य नशे भी किए जाते हैं। लोगों के मुताबिक कॉलोनी में अक्सर चोरी की घटनाएं भी हो चुकी हैं, जिससे पूरे इलाके में डर और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब इस स्थान से महज कुछ कदम की दूरी पर ही पुलिस पोस्ट मौजूद है, तो फिर खुलेआम नशा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही? लोगों का कहना है कि इस समस्या के संबंध में कई बार शिकायतें करने के बावजूद जमीनी हालात में कोई सुधार नहीं हुआ। एक तरफ प्रशासन की ओर से नशों के खिलाफ सख्त अभियान चलाने के दावे किए जाते हैं, वहीं दूसरी तरफ प्रीत कॉलोनी के ये हालात पुलिस की कार्यप्रणाली पर बड़े सवाल खड़े कर रहे हैं। इलाका निवासियों ने प्रशासन व संबंधित विभाग से मांग की है कि इस शराब के ठेके को तुरंत यहां से हटाया जाए। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे तीखा संघर्ष करने के लिए मजबूर होंगे।

महाराजा अग्रसेन जयंती के मौके पर अग्रवाल सभा द्वारा लगाया गया विशाल भंडारा

डेली आवाज भारती

जीरकपुर/तरनप्रीत सिंह गिल : महाराजा अग्रसेन जयंती के पावन अवसर पर अग्रवाल सभा जीरकपुर की ओर से श्रद्धा और उत्साह के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन के दौरान सभा के पदाधिकारियों और सदस्यों ने पूरी सेवा भावना के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभाईं। इस मौके पर अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों विनोद गोयल, अशोक कुमार और अश्विनी कुमार गर्ग ने महाराजा अग्रसेन जी के जीवन, उनके आदर्शों और समाज के प्रति उनके योगदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी ने समाज को समानता, आपसी भाईचारे, सहयोग और जरूरतमंदों की सहायता करने का संदेश दिया है, जिनके आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस आयोजन को सफल बनाने में संदीप मित्तल, नवीन गोयल, ललित, बीडी अग्रवाल, मनदीप गोयल, सुरेंद्र बंसल और दीपक सहित अन्य सदस्यों ने भी बढ़-चढ़कर अपनी सेवाएं निभाईं।



भंडारा शुरू करने से पहले पूजा करते हुए प्रतिनिधि।

रामलीला से नई पीढ़ी को मिलती है मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन की प्रेरणा : पवन सिंगला

डेली आवाज भारती

कहा, रामलीला जैसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से नई पीढ़ी को भगवान श्रीराम के जीवन, उनके आदर्शों और मर्यादाओं के बारे में जानने का अवसर मिलता है

बरनाला/कशिश। बरनाला के पुराने बाजार स्थित ऐतिहासिक रामलीला मैदान में चल रही रामलीला के तीसरे दिन शहर की प्रमुख संस्था शिव सेवा संघ के पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान संघ के प्रधान पवन सिंगला, कैशियर संजय बंसल और ज्वाइंट सेक्रेटरी नवीन सिंगला (काली) ने रामलीला का आनंद लिया और भगवान श्रीराम के आदर्शों को याद किया। इस मौके पर शिव सेवा संघ के प्रधान पवन सिंगला ने कहा कि रामलीला जैसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से नई पीढ़ी को भगवान श्रीराम के जीवन, उनके आदर्शों और मर्यादाओं के बारे में जानने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि रामलीला हमें संदेश देती है कि अंत में हमेशा बुराई पर अच्छाई की जीत होती है। ऐसे आयोजन हमारी धार्मिक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहीं, शिव सेवा संघ के ज्वाइंट सेक्रेटरी नवीन सिंगला (काली) ने कहा कि उनके बुजुर्गों ने रामायण की एक चौपाई को अपने जीवन में विशेष स्थान दिया हुआ था– %रघुकुल रीति सदा चली आई, प्राण जाए पर वचन न जाई।% उन्होंने कहा कि यह पंक्ति हमें वचन निभाने, सत्य के मार्ग पर चलने और अपने सिद्धांतों पर अडिग रहने की प्रेरणा देती है। इस अवसर पर रामलीला के कलाकारों एवं सदस्यों सहित राजेंद्र गार्गी, चेयरमैन नाभचंद जिंदल, प्रधान रजत बंसल, सीनियर डायरेक्टर बलदेव माखन, प्रमोद शोरी, बंटी शोरी, रमन शोरी, कृष्ण काला, स्टेटस इंचार्ज शिक्षित नरवलिया, स्टेज डिजाइनर अमर चौधरी, रोहित, अंशुल और ललित शोरी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।



शिव सेवा संघ के प्रधान पवन सिंगला, कैशियर संजय बंसल और ज्वाइंट सेक्रेटरी नवीन सिंगला, को सम्मान करते रामलीला कमेटी के मेंबर साहिबान राजेंद्र गार्गी, चेयरमैन नाभचंद जिंदल, प्रधान रजत बंसल, सीनियर डायरेक्टर बलदेव माखन व अन्य गणमान्य।

सिटी ग्लोबल स्कूल में मॉडल यूनाइटेड नेशंस कांफ्रेंस का आयोजन

■ **विद्यार्थियों में नेतृत्व, कूटनीति और वैश्विक मुद्दों की समझ विकसित करने के लिए विशेष सम्मेलन**

डेली आवाज भारती

जीरकपुर/तरनप्रीत सिंह गिल : पंचकूला रोड स्थित %सिटी ग्लोबल स्कूल% में मॉडल यूनाइटेड नेशंस (एमयूएन) कॉन्फ्रेंस का शानदार आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व, प्रभावशाली संचार, तर्कसंगत सोच, शोध-आधारित विचार-प्रस्तुति और वैश्विक स्तर के मुद्दों की समझ विकसित करना था। उद्घाटन समारोह में प्रिंसिपल डायरेक्टर जगमनदीप सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि प्रिंसिपल हरपुनीत कौर और रविंदर पाल सिंह गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में शामिल हुए। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एमयूएन की डायरेक्टर अवनीत कौर, फाउंडर पूजा वर्मा, कार्यसाधक दीपी चावला और महासचिव मनजीत कौर भी उपस्थित थीं। कॉन्फ्रेंस के दौरान विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने संयुक्त राष्ट्र के प्रतिनिधियों की भूमिका निभाते हुए विश्व शांति, मानवाधिकारों, पर्यावरण संरक्षण और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग जैसे गंभीर मुद्दों पर चर्चा की।



विद्यार्थियों ने मॉडरेटेड कॉकस, गठबंधन बनाने और मसौदा प्रस्ताव तैयार करने जैसी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन अवसर पर बेहतर शोध, कूटनीतिक कौशल और उत्कृष्ट भाषण देने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथियों ने स्कूल के इस अनूठे प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

ओरियन स्कैनर्स एंड पैथ लैब्स ने जीरकपुर में खोली नई ब्रांच

■ **एक ही छत के नीचे मिलेंगी आधुनिक डायग्नोस्टिक व फीटल मेडिसिन की सुविधाएं: डॉ. दीपक भल्ला**

डेली आवाज भारती

जीरकपुर/तरनप्रीत सिंह गिल : ओरियन स्कैनर्स एंड पैथ लैब्स की ओर से जीरकपुर-अंबाला हाईवे स्थित पंचशील एन्क्लेव में अपनी नई ब्रांच का शानदार उद्घाटन किया गया। डॉ. दीपक भल्ला और डॉ. सपना भल्ला के नेतृत्व में शुरू की गई इस ब्रांच का उद्घाटन डॉ. भल्ला के माता-पिता आर.डी. भल्ला और श्रीमती कृष्णा भल्ला ने रिबन काटकर किया। इस अवसर पर डॉ. दीपक भल्ला ने बताया कि इस केंद्र की स्थापना का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रवासियों को एक ही छत के नीचे गुणवत्तापूर्ण, सटीक और सुविधाजनक डायग्नोस्टिक सेवाएं उपलब्ध कराना है। केंद्र में फीटल मेडिसिन, एडवांस्ड अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन, हृदय जांच (ईसीजी, इको, टीएमटी), ऑटोमेटेड लैबोरेटरी टेस्टिंग, मैमोग्राफी, डिजिटल एक्स-रे, ईईजी और फाइब्रोस्कैन जैसी नवीनतम तकनीकों से सुसज्जित आधुनिक मशीनें लगाई गई हैं। गर्भावस्था के दौरान बच्चे के स्वास्थ्य की सटीक जांच के लिए केंद्र में लेवल-2 स्कैन, 3डी/4डी स्कैन और फीटल इकोकार्डियोग्राफी की विशेष सुविधा उपलब्ध है। इस नए केंद्र के खुलने से जीरकपुर और आसपास के लोगों को विभिन्न जांचों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।



सुविधाओं और तकनीक के बारे में पत्रकारों को जानकारी देते हुए डॉ. दीपक भल्ला और डॉ. सपना भल्ला।

लुधियाना में धूमधाम से आयोजित हुआ प्री-करवा चौथ इवेंट 2026

डेली आवाज भारती

जालंधर/बलजीत सिंह : पंजाबी संस्कृति, लोक संगीत और पारंपरिक उत्सवों को समर्पित आवाज़ पंजाब दी की ओर से पंजाबी लोक गायिका हरप्रीत वालिया के नेतृत्व में एंटरटेनर्स प्री-करवा चौथ इवेंट 2026 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं के उत्साह, पारंपरिक संस्कृति और करवा चौथ के रंगों की खूबसूरत झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में जसलीन कौर ने गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में शिरकत की। उनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस खास अवसर पर करवा चौथ से जुड़ी परंपराओं, महिलाओं की प्रतिभा और पंजाबी विरासत को प्रोत्साहित करने पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को एक ऐसा मंच प्रदान करना था, जहां वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें और भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के साथ जुड़कर इस त्योहार की खुशियों को साझा कर सकें। प्री-करवा चौथ इवेंट 2026 ने उत्सव के माहौल को और भी खास बना दिया। ऐसे आयोजन न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाते हैं, बल्कि समाज में आपसी मेल-जोल, एकता और महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा देते हैं। आवाज़ पंजाब दी और हरप्रीत वालिया की इस पहल ने करवा चौथ के आगमन से पहले ही उत्सव की खुशियों और पारंपरिक रंगों को एक खूबसूरत मंच प्रदान किया।













मिट्टी फाउंडेशन की ओर से गौशाला भवन धनोला में पांचवां निःशुल्क चश्मा वितरण शिविर आयोजित, 800 चश्मे वितरित

डेली आवाज भारती

मिट्टी फाउंडेशन की ओर से गौशाला भवन धनोला में पांचवां निःशुल्क चश्मा वितरण शिविर आयोजित, 800 चश्मे वितरित

धनोला/नवीन काली : मिट्टी फाउंडेशन की ओर से समाजसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाते हुए गौशाला भवन, धनोला में पांचवां निःशुल्क चश्मा वितरण शिविर लगाया गया, जिसके दौरान जरूरतमंद लोगों को 800 चश्मे वितरित किए गए। यह शिविर मिट्टी फाउंडेशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. हेम राज गर्ग के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जो नगर निगम बरनाला के पार्षद भी हैं। शिविर के दौरान जरूरतमंद लोगों की आंखों की जांच करने के साथ-साथ उन्हें निःशुल्क चश्मे और दवाइयां भी वितरित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बंसल अस्पताल से डॉ. रूप लाल पहुंचे, जो गौशाला धनोला के अध्यक्ष भी हैं। इनके अलावा अग्रवाल सभा धनोला के अध्यक्ष अरुण बंसल, डॉ. रोहित बंसल और नूर अस्पताल बरनाला से डॉ. रमणदीप सिंह ने भी शिरकत की। शैलर एसोसिएशन धनोला की ओर से बोनी बंसल, मोहित काला और प्रिंस पाल भी मौजूद रहे। इस मौके पर मंदीप दुग्गल, दीपक ढाबे वाले भी उपस्थित थे। शिविर के दौरान आंखों के विशेषज्ञ डॉ. कमलजीत सिंह, डॉ. सुरेश रानी और डॉ. रुपिंदर सिंह ने लोगों की आंखों की जांच की तथा जरूरत के अनुसार उन्हें निःशुल्क चश्मे और दवाइयां उपलब्ध करवाई। मिट्टी फाउंडेशन की ओर से 10,000 जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क चश्मे उपलब्ध करवाने का लक्ष्य रखा गया है। इससे पहले फाउंडेशन की ओर से चार निःशुल्क चश्मा वितरण शिविर लगाए जा चुके हैं। पहले शिविर में लगभग 400, दूसरे शिविर में लगभग 400 और तीसरे शिविर में लगभग 800 जरूरतमंद लोगों को चश्मे वितरित किए गए थे। चौथा शिविर भूरी वाले संतों की कुटिया, झल्लूर धाम, गांव झल्लूर में लगाया गया था, जिसके दौरान लगभग 800 जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। अब गौशाला भवन धनोला में पांचवां शिविर आयोजित किया गया है। फाउंडेशन की ओर से स्वास्थ्य और स्वच्छता से संबंधित अन्य समाजसेवी कार्य भी लगातार किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में लगभग 8,000 लड़कियों को सैनिटरी पैड और व्यक्तिगत स्वच्छता से संबंधित सामग्री उपलब्ध करवाई जा रही है। इस अवसर पर फाउंडेशन के पदाधिकारी और सदस्य भी उपस्थित थे। इनमें चेयरमैन बलबीर सिंह जागल, खजांची सुरेश कुमार (सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर), राजदीप सिंह, मैनेजर वेयरहाउस धनोला और प्रेस सचिव प्रोफेसर विजय कुमार के अलावा गोरा संधू, गगन कुमार, तेजिंदर पिंटू, अवतार सिंह, एडवोकेट शिव कुमार, लवप्रीत कौर, शीला रानी, सुशील कुमार काली, सतनाम सिंह, राकेश कुमार, डॉ. अभिषेक शर्मा, शशि भदौड़, लीला संधू पत्ती, नायब सिंह, अजय कुमार धनोला और गुरदीप बंसल मंटू शामिल थे।



